● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 05, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 02 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भाजपा में रहो पर वोट मुझे दे दो: केजरीवाल 5

शिवम दुबे बने मैन आफ दी मैच 6

# बजट में 12 लाख तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रु.50.65 लाख करोड़ का बजट पेश किया, सबसे ज्यादा वित्त और रक्षा मंत्रालय को मिला बजट

**नई दिल्ली।** सीतारमण ने शनिवार को 50.65 लाख करोड़ का बजट पेश किया। बजट में नौकरीपेशा के लिए 12.75 लाख और बाकी करदाताओं के लिए 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। ऐसा कर सरकार ने मध्यम वर्ग को साधा और दिल्ली को भी जहां 4 दिन बाद 5 फरवरी को वोटिंग है।

दिल्ली की आबादी 3 करोड़ 38 लाख है। इनमें से 40 लाख लोग टैक्स भरते हैं। दिल्ली में 1.55 करोड़ कुल वोटर हैं। पिछले साल अक्टूबर में केजरीवाल ने कहा था कि दिल्लीवाले 1.78 लाख करोड़ इनकम टैक्स देते हैं। नए स्लैब से यहां की 67% मिडिल क्लास आबादी प्रभावित होगी। सीतारमण ने 77 मिनट के भाषण में 9 बार बिहार का जिक्र कर राज्य के लिए मखाना बोर्ड बनाने समेत कई घोषणाएं कीं। राज्य में साल के आखिर में चुनाव होने हैं। वे बजट भाषण के लिए राज्य की प्रसिद्ध मधुबनी साड़ी पहनकर पहुंची थीं।

बजट में सीतारमण ने इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल और एलईडी सस्ते होने का रास्ता खोला। कैंसर और कुछ जरूरी दवाओं के दाम भी कम होने का ऐलान किया।

**नौकरीपेशा की 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री**

नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। अन्य किसी भी जरिए से आमदनी होने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल 12 लाख रहेगी।

**बुजुर्गों के लिए- टैक्स में डबल छूट**

बुजुर्गों को एफडी पर मिलने वाले 50 हजार ब्याज पर टीडीएस नहीं लगाया जाता था। अब इसे बढ़ाकर एक लाख कर दिया गया है। यानी किसी डिपॉजिट से उन्हें अगर एक लाख ब्याज मिल रहा है, तो उन्हें टीडीएस नहीं देना होगा। 10 करोड़ से ज्यादा बुजुर्गों को फायदा होगा। नेशनल सेविंग स्कीम खाते से 29 अगस्त 2024 के बाद निकाली गई रकम को टैक्स के दायरे से बाहर कर दिया जाएगा।

**महिलाओं के लिए 2 करोड़ तक का टर्म लोन**

5 लाख एससी-एसटी महिलाएं, जो पहली बार आंत्रप्रेन्योर बनी हैं, उन्हें अगले 5 साल में 2 करोड़ तक का टर्म लोन दिया जाएगा। आंगनवाड़ी योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। महिलाओं के लिए मिशन शक्ति योजना को 3 हजार 150 करोड़ का बजट दिया गया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाई, नारी अदालत, महिला हेल्पलाइन, महिला पुलिस वॉलंटियर योजनाओं को इसमें से 629 करोड़ रुपए मिलेंगे। स्वधार गृह, मातृ वंदन, वर्किंग वुमंस हॉस्टल और नेशनल क्रेच जैसी स्कीम्स को 2 हजार 521 करोड़ का बजट दिया गया है। निर्भया फंड के तहत चल रही योजनाओं के लिए 30 करोड़ का बजट है। नॉर्थ-ईस्ट में महिला-बाल विकास के लिए 2 हजार 615 करोड़ की योजनाएं, राज्य सरकारों को 22 हजार 195 करोड़ की मदद और केंद्र शासित प्रदेशों में महिला और बाल विकास के प्रोग्राम चलाने के लिए 897 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

**युवाओं और रोजगार के लिए मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ेंगी**



स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा। 500 करोड़ रुपए से 3 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे। मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी। एक साल में 10 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी। देश में 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी। पटना आईआईटी के हॉस्टल का विस्तार किया जाएगा। पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी। रोजगार के लिए सरकार ने अलग से कोई घोषणा नहीं की। हालांकि सीतारमण ने कई योजनाओं का ऐलान करते हुए यह जरूर कहा कि इनसे रोजगार का सृजन होगा।

**जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे**

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया है। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल ईयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे।

**किसानों के लिए पीएम धन-धान्य योजना, 1.7 करोड़ लोगों को फायदा**

कम उत्पादकता वाले 100 जिलों में पीएम धन-धान्य कृषि योजना लागू की जाएगी। इसके तहत प्रोडक्शन बढ़ाया जाएगा। पंचायत लेवल पर स्टोरेज की व्यवस्था की जाएगी। 1.7 करोड़ किसानों को फायदा होगा। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा। दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन होगा। इसके तहत नेफेड और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां किसानों से अगले 4 साल तक दाल की खरीद करेंगी। कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन, मार्केटिंग पर फोकस रहेगा। असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

**शिक्षा के लिए सभी माध्यमिक विद्यालयों में इंटरनेट**

देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा। 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी। स्किल बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के 5 सेंटर बनाए जाएंगे।

**स्वास्थ्य के लिए 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनेंगे**

सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दी हैं। कैंसर जैसी भयावह बीमारी से जूझ रहे लोगों और परिवारों को राहत देने के लिए अगले 3 सालों में सभी जिला अस्पतालों में 200 डे केयर कैंसर सेंटर बनाएगी।

**ऑनलाइन डिलिवरी, कैब चलाने वालों को आईकार्ड, पीएम जेएवाई का फायदा**

1 करोड़ जीआईजी वर्कर्स यानी फूड डिलीवरी करने वाले, कैब चलाने वाले और ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले वर्कर्स को आईकार्ड दिए जाएंगे। इनका ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इन्हें प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा भी मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक इन जीआईजी वर्कर्स की संख्या 23 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

**देश को खिलौना हब बनाया जाएगा, अभी 64% आयात चीन से**

देश को खिलौनों के लिए बड़ा केंद्र बनाने के लिए नेशनल एक्शन प्लान बनाया जाएगा। हम क्लस्टर्स का डेवलपमेंट करेंगे। स्किल और मैन्युफैक्चरिंग के लिए इको सिस्टम बनाया जाएगा। इससे हाईक्वालिटी, अनोखे, इनोवेटिव और लंबा चलने वाले खिलौने बनेंगे। इन उत्पादों की वैश्विक मांग में समग्र गिरावट के कारण भारत का खिलौना निर्यात 2021-22 में 177 मिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 2023-24 में 152 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले एक दशक में भारत खिलौनों के लिए चीन पर निर्भर होता जा रहा है। फिलहाल देश औसतन 76% खिलौना आयात करता है।

**जनजातियों के लिए डीएजेजीयूए का बजट चार गुना**

जनजातियों के कल्याण के लिए बजट 14 हजार 925 करोड़ कर दिया गया है। पिछले साल यह 10 हजार 237 करोड़ के करीब था। यानी इस साल इसमें 45% की बढ़ोतरी की गई है। एकलव्य बोर्डिंग स्कूलों के लिए 7 हजार करोड़ से ज्यादा बजट दिया गया है। जनजातीय विकास मिशन के लिए 380 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में 335 करोड़ से ज्यादा का बजट है। धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का बजट 500 करोड़ से चार गुना बढ़ाकर 2 हजार करोड़ कर दिया गया है। इससे 63 हजार 843 गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं का इजाफा होगा। 30 राज्यों के 549 जिलों में 5 करोड़ जनजातीय लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना, आईआईटी पटना का विस्तार, 3 एयरपोर्ट, पश्चिमी कोसी नहर परियोजना का ऐलान किया है।

बिहार में युवा आबादी करीब 50% है। राज्य में एकमात्र आईआईटी पटना में है। यहां अभी 2883 सीटें हैं, यह बढ़कर 5000 के आसपास हो जाएंगी। बिहार के 10 जिलों में मखाना की खेती होती है। इससे 25 हजार से ज्यादा किसान जुड़े हैं। मखाने को लेकर कोई तय नीति न होने के चलते मुनाफा बंट जाता है। किसानों के बजाय कारोबारियों की जेब में पैसा जाता है। अब बोर्ड के गठन के बाद 100 रुपए के प्रॉफिट में 90 रुपए बिहार को मिलेगा। ऐसा कहा जा रहा है कि मखाना बोर्ड के गठन और पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के ऐलान से मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्रों की 72 सीटों पर असर पड़ सकता है। राज्य में 243 विधानसभा सीटें हैं।

**सीतारमण बोलीं- बजट विकसित भारत का रोडमैप**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस साल का बजट विकसित भारत का रोडमैप है। हेल्थ-एजुकेशन और महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में कस्टम ड्यूटी घटाने और प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर भी जोर दिया गया है। सीतारमण ने आगे कहा कि मोदी सरकार जनता की आवाज पर तेजी से काम करने के लिए जानी जाती है। उन्होंने बताया कि जुलाई में घोषित इनकम टैक्स सरलीकरण का काम पूरा हो गया है और इसका बिल अगले हफ्ते संसद में पेश होगा।

**बजट 2025 - सस्ता-महंगा**

इलेक्ट्रिक कारें, फोन, एलईडी, 36 जीवनरक्षक दवाएं सस्ती; सोना-चांदी में बदलाव नहीं।

**क्रिटिकल ट्रीटमेंट की कॉस्ट कम होगी**

36 लाइफ सेविंग दवाओं से कस्टम ड्यूटी हटाने से क्रिटिकल ट्रीटमेंट की कॉस्ट कम हो जाएगी। इससे उन परिवारों को फायदा होगा जो फाइनेंशियली कमजोर हैं और कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम नहीं हैं।

ओपन सेल और अन्य कंपोनेंट की इम्पोर्ट ड्यूटी घटने से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी। एलईडी टीवी और अन्य उपकरण अफोर्डेबल बनेंगे और ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की पोजिशन मजबूत होगी।

बैटरी प्रोडक्शन कॉस्ट को कम करने के लिए सरकार ने 35 एडिशनल गुड्स से कस्टम ड्यूटी घटाई है। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स सस्ते होंगे और 2030 तक भारत के ऑटोमोबाइल सेल्स में 30% ईवी पेनिट्रेशन के गोल को पूरा करने में मदद मिलेगी।

सरकार ने वेट ब्लू लेदर पर कस्टम ड्यूटी इसलिए हटाई है, क्योंकि इससे डोमेस्टिक प्रोसेसिंग के लिए इम्पोर्ट आसान हो जाएगा। वेट ब्लू लेदर का इस्तेमाल जूते, बैग जैसे प्रोडक्ट बनाने के लिए किया जाता है।

मरीन इंडस्ट्री में ग्रोथ जारी रखने के लिए सरकार ने शिप मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल होने वाले रॉ मेटेरियल पर जीरो कस्टम ड्यूटी को अगले 10 साल के लिए बढ़ा दिया है। शिप मैन्युफैक्चरिंग के लिए जरूरी कंपोनेंट और पार्ट्स पर भी जीरो ड्यूटी है।

# केन्द्रीय बजट मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात: सीएम



**भोपाल।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केंद्रीय बजट 2025-26 सदन में पेश किया। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ये विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कल्याणकारी, सर्व-स्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्ट-अप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नव-दृष्टि से परिपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में 2025-26 में 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को कर मुक्त करने का निर्णय अभिनंदनीय है।

# यह जनता जनार्दन का बजट : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को जमकर सराहा। उन्होंने इसे जनता जनार्दन का बजट करार दिया। उन्होंने कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट बल गुणक है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा।



मैं वित्त मंत्री को इसके लिए बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे? ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है।

उन्होंने कहा कि आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारत मिशन को शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है। बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा कि देश के एससी, एसटी और महिला... जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के दो करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। इस बजट में न्यू एज इकोनॉमी को ध्यान में रखते हुए गिग वर्कर्स के लिए बहुत बड़ी घोषणा की गई है।

# सीएम योगी ने संगम तट पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर हुए हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने संगम नोज पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भीड़, प्रबंधन, बैरिकेडिंग, अखाड़ा मार्ग आदि का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। वसंत पंचमी के मौके पर किसी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पूर्व सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण कर मेला और आसपास के क्षेत्रों में यातायात की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद वह संगम तट पर पहुंचे। यहां पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ पूरे संगम नोज क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का जायजा लिया। एडीजी भानु भास्कर, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, डीआईजी मेला वैभव कृष्ण सहित तमाम अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आठ माओवादी ढेर

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ आठ नक्सली मारे गए। सूत्रों के मुताबिक, मारे गए सभी नक्सलियों के शव जवानों ने बरामद कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि अभी भी मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के जवान शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों के पास से कई स्वचलित हथियार भी बरामद होने की खबर है। इससे पहले नक्सल प्रभावित जिला गरियाबंद में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में फोर्स को बड़ी कामयाबी मिली थी। कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में 14 नक्सली मारे गये थे।

# राहुल गांधी ने केंद्रीय बजट पर कसा तंज



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 2025-26 के केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बजट को गोली के घावों के लिए बैंडेज जैसा बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार विचारों के मामले खोखली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक संकट को हल करने के लिए आमूलचूल बदलाव की आवश्यकता है।

इससे पहले कांग्रेस ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा था कि यह वास्तविक मजदूरी, समग्र उपभोग में उछाल की कमी, निजी निवेश की सुस्त दरों और जटिल जीएसटी प्रणाली जैसी बीमारियों का उपचार नहीं करता है, जिससे अर्थव्यवस्था पीड़ित है। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार बिहार को बड़ी सौगात दे रही है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी नीतीश कुमार की सरकार और इसी गठबंधन का अहम हिस्से आंध्र प्रदेश को नजरअंदाज किया जा रहा है।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय बजट की आलोचना की और कहा कि यह मोदी सरकार का जनता को गुमराह करने का प्रयास है, जबकि यह प्रमुख आर्थिक समस्याओं को दूर करने में विफल रही है। उन्होंने सरकार पर बीते दशक में 54.18 लाख करोड़ रुपये का एकत्र करने के बाद मध्यम वर्ग को मामूली राहत देने का आरोप लगाया।

# उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ संगम तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद मां गंगा की पूजा करने के बाद आरती उतारी। उधर 77 देशों के 118 राजनयिकों ने भी पुण्य की डुबकी लगाई। राजनयिकों ने अरैल घाट पर स्नान किया। इस दौरान सभी देशों ने अपना झंडा भी यहां पर लगाया। अरैल घाट पहुंचने पर राजनयिकों का जोरदार स्वागत किया गया। यहां की व्यवस्था देखकर वह अभीभूत रहे। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने



शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान किया और इस घटना को जीवन धन्य करने वाला अवसर बताया। उपराष्ट्रपति धनखड़ तीर्थराज प्रयागराज पत्नी व परिवार समेत हेलिकॉप्टर से पहुंचे जहां हेलिपैड पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनका अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां से वह अरैल संगम घाट की ओर बढ़े जहां क्रूज पर सवार होकर उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और त्रिवेणी संगम में चिह्नित स्थान पर स्नान किया। इस दौरान स्वस्ति वाचन की गूंज के मध्य धनखड़ ने सिर पर शिवलिंग रखकर आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान वृंदावन के मुख्य पुजारी पुंडरीक गोस्वामी ने पूजन-अर्चन किया। इससे पूर्व नौकायन के दौरान साइबेरियन पक्षियों को देखकर वह उत्साहित हो उठे। उन्होंने कलरव करते पक्षियों को अपने हाथ से दाना डाला और परिजनों समेत इस आनंदित करने वाले क्षण का आनंद लिया। नौकायन के दौरान उन्होंने त्रिवेणी संगम के महात्म के बारे में सीएम योगी से जाना। धवल वर्णा गंगा और श्यामल वर्णा यमुना समेत अदृश्य सरस्वति के महाप्रयाग को महाकुंभ की पुण्य वेला में दर्शन करके, उसमें स्नान कर जनकल्याण का संकल्प लेकर उपराष्ट्रपति प्रफुल्लित दिखे। उन्होंने इस अवसर को जीवन धन्य करने वाला क्षण बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के पूर्व संगम नोज व आस-पास के घाटों पर स्नान कर रहे स्नानार्थियों का अभिवादन किया। स्नान के बाद उन्होंने तीर्थराज प्रयाग की जय और नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव का जयकारा उद्घोषित किया।

त्रिवेणी संगम पर स्नान के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी व परिवार समेत सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन की। यहां उन्होंने महाबली हनुमान को रोली, वस्त्र, जनेऊ, सिंदूर, लाल चंदन, माला, धूप-दीप, नैवेद्य अर्पित किया और परिक्रमा भी की। धनखड़ ने इन सभी स्थानों पर पूजन-अर्चन के साथ ही योगी आदित्यनाथ से इन स्थानों का महात्म्य भी जाना।

# ट्रक में छिपाकर लाई जा रही थी 25 लाख की शराब, तस्कर गिरफ्तार

## चितरंगी पुलिस की बड़ी कार्यवाही,453 पेटी शराब एवं टीपर वाहन जप्त

### एसपी ने कार्यवाही में शामिल पुलिस कर्मियों को दिया 10 हजार का नगद इनाम




**सिंगरौली।** चितरंगी पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लाख रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की. यह शराब रीवा से सिंगरौली लाई जा रही थी. पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि सीधी तरफ से एक ट्रक से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप पहुंचाई जाएगी. इसके बाद पुलिस ने झोंकों चेक पोस्ट के पास अवैध शराब से भरे वाहन को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

गौरतलब है कि चितरंगी पुलिस को मुखविर से सूचना मिली थी कि सीधी तरफ से अवैध शराब की बड़ी खेप आ रही है। जिसके बाद थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। जहां एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में उप निरी. सुरेन्द्र यादव के साथ एक टीम गठित कर अवैध विदेशी शराब पकड़ने नेशनल हाईवे - 39 के झोंकों में चेकिंग शुरू की। पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि सीधी तरफ से आ रहे टीपर क्र. एमपी 17 जी-2807 में अवैध शराब भरकर लेकर आ रहे है। खबर के मुताबिक टीपर अवैध शराब की खेप लेकर पहुंचा जिससे पुलिस ने रोक कर वाहन चालक अंकित मल्लाह उर्फ सोनू से वाहन का कागजात और वाहन में लोड माल का ट्रांजिट परमिट मांगा। परमिट में की वैधता 30 जनवरी की सुबह 9:00 बजे तक पाई गई। वहीं शराब चेक करने पर टी.पी. से 36 पेटी अलग शराब पायी गई। साथ ही टीपी में उल्लेखित शराब के बैच से वाहन मे उपलब्ध सम्पूर्ण शराब पूर्णतः अलग पायी गयी। पुलिस को टीपर वाहन से 453 पेटी विदेशी शराब, 4621.52 लीटर जिसकी कीमती लगभग 25 लाख रुपये सहित 20 लाख रुपये कीमत का वाहन जप्त किया गया। वहीं पुलिस ने प्रथम दृष्टया पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वहां और अवैध शराब को कब्जे में लेते हुए आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई में शामिल पुलिस कर्मियों को नगद 10 हजार रुपए इनाम देकर पुरस्कृत किया है। इस कार्यवाही में एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन, उपनिरी. सुरेन्द्र यादव,सउपनिरी अनिल मिश्रा, लक्ष्मिकांत मिश्रा, नंदलाल यादव, सुदर्शन चौहान, भैयालाल यादव, कुद्दुश अंसारी की सराहनीय भूमिका रही है।

गिरफ्तार वाहन चालक अंकित उर्फ सोनू मल्लाह पिता छोटेलाल मल्लाह उम्र 29 वर्ष निवासी सिलपहरी थाना बिछिया जिला रीवा कर रहने वाला है। वहीं अवैध शराब की टीपी मे उल्लेखित मेसर्स विन्ध्यावाईन्स के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों की माने तो वाहन चालक अंकित ने खुलासा किया है कि वह यह शराब रीवा से ला रहा था और इसकी डिलीवरी सिंगरौली में होनी थी।

# ढोटी में स्थित विवादित भूमि पर दोनो पक्षो को दी गई समझाईस

**सिंगरौली।** उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा ने जानकारी देते हुयें बताया कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को इस आशय की जानकारी मिली थी कि ग्राम ढोटी में एक पंक्ष के द्वारा दूसरे पंक्ष को घर से निकाल दिया गया। उक्त शिकायत को संज्ञान में लेकर कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा राजस्व अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। राजस्व अधिकारियों द्वारा उभय पंक्षो के मध्यम समझौता स्थापित कर पूर्व में जो परिवार माकान में रह रहे थे। उनको कब्जे देते हुयें अंग्रिम कार्यवाही किया गया। विदित हो कि ग्राम ढोटी में स्थित भूमि खसरा नम्बर 121/1/2 रकबा 0.47,400 के सह भूमि स्वामियों के मध्य आपसी विवाद होने पर दिनांक 30.01.2025 को संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस द्वारा मौके पर निरीक्षण कर स्थलटीप पंचनामा तैयार किया गया है। तथा निरीक्षण पाया गया कि उभय पंक्ष आवेदित भूमि के सह भूमि स्वामी है विवादित भवन पर (निर्माणाधीन भवन पर ) कब्जे को लेकर विवाद है स्थल पर लगे सीसीटीव्टी कैमरे के फुटेज के आधार पर अंतिम कब्जेधारी को (उपयोग कर्ता को ) यथा स्थित कायम रखते हुयें दोनो पंक्षो के मध्य मित्रवत समझौता कराने के साथ ही न्यायालयीन अंग्रीम आदेश तक उक्त स्थल पर उपयोग हेतु कहा गया है।

# भू अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन पर सेमिनार की मांग

### सामाजिक कार्यकर्ता डीपी शुक्ला ने कहा पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र और सेमिनार आयोजित किया जाय



**सिंगरौली।** जिले का बड़ा क्षेत्रफल भू- अर्जन से प्रभावित है। यहां भू-अर्जन की प्रक्रिया कई स्थानों पर हो चुकी है और कई स्थानों पर होनी हैं एवं कुछ स्थानों पर प्रक्रिया में है। ऐसे में लोगों को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम 2013 की जानकारी होना जरुरी है। जिससे में अपने अधिकार को जान सकें। ऐसे में प्रषिक्षण की आवष्यकता महसूस की जा रही है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता डीपी शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि सिंगरौली जिले में विकास हेतु भूमि अर्जन अनेक परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है। जिसमे पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र और सेमिनार आयोजित करने की आवश्यकता है। यह मांग प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से की जा रही है।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रक्रिया को न्यायोचित और पारदर्शी बनाना है। साथ ही, अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी ढंग से अनुपालन करने के लिए जागरूक और प्रशिक्षित करना है। जिले के भू अर्जन प्रक्रिया में सम्मिलित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों को एक मंच पर लाकर भूमि अर्जन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और सही समाधान निकालना अत्यंत आवश्यक है। प्रमुख मांगे है कि भूमि अर्जन पुनर्वास एवं पुर्न व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिका का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुपालन पर प्रशिक्षण जैसे उचित प्रतिकर, पारदर्शी प्रक्रिया और पुनर्वसन योजनाओं के सही कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षित करना।सामाजिक समाघात अध्ययन प्रभावित समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। प्रक्रिया का सही कार्यान्वयन के लिए उक्त प्रशिक्षण सेमिनार अत्यंत आवश्यक है।अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर रोकथाम भू अर्जन प्रक्रियाओं में हो रही अनियमितताओं को समाप्त करने के उपाय न्यायालय मे कार्यवाहियों के संबंध में आम जनता को प्रशिक्षित करना और कार्यवाहियों के संबंध में अवगत करना।अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालना। प्राधिकरणों के दायित्वों को सुदृढ़ करना और पूर्व कार्यवाहियों पर प्रकाश डालना।

# नगर निगम के 2 सेवानिवृत्त कर्मियों को निगम कार्यालय में दी गई भावपूर्ण विदाई



**सिंगरौली।** नगर निगम सिंगरौली से सेवानिवृत्त हुए 2 कर्मियों को विगत दिवस समारोह पूर्वक विदाई दी गई। नगर निगम अध्यक्ष व आयुक्त सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सहायक ग्रेड 1 सीताराम पाण्डेय वा वार्ड प्रभारी रामटहल तिवारी को उनकी सेवा पूर्ण होने पर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।

निगम सभागार में अध्यक्ष देवेश पांडेय व आयुक्त डीके शर्मा की उपस्थिति में सेवानिवृत्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक ग्रेड 1 सीताराम पांडेय व वार्ड प्रभारी राम टहल तिवारी को शॉल, श्रीफल प्रदान कर व पुष्पमाला पहना कर विदा किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष ने कहा कि पांडेय जी व तिवारी जी दोनों ही जिम्मेदार कर्मचारी हमारे बीच से सेवानिवृत्त हुए एवं दोनों को हृदय से शुभकामनाएं। निगमायुक्त ने कहा कि यह पल हमारे लिए खुशी व दुख दोनों का होता है। उन्होनें दोनों ही कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि तिवारी जी ने अपना कार्य पूर्ण कुशलता से निभाया व पाण्डेय जी कभी भी अपने कार्य को लेकर विचलित नहीं हुए। नई पीढ़ी को आपसे मार्गदर्शन लेने की जरूरत है। इसी के साथ उन्होंने दोनों कर्मचारियों को आगे के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में कार्यपालन यंत्री व्ही बी उपाध्याय, उपायुक्त आर पी बैंस, पार्षद एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधों के विरुद्ध मोरवा पुलिस की पाठशाला

सिंगरौली

पुलिस महानिदेशक भोपाल कैलाश मकवाना के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समाज में साइबर अपराध एवं हिंसा की रोकथाम और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज 1 फरवरी से 11 फरवरी तक साइबर सुरक्षा जन जागरूकता अभियान सेल्फ क्लिक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में एवं मोरवा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केके पाण्डेय की सतत निगरानी में मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी



द्वारा थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया।

साइबर क्राइम के विषय में जानकारी देते हुए निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधियों से सतर्क रहना बेहद जरूरी है। विशेष रूप से अंजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल्स को रिसीव न करें और वन टाइम पासवर्ड किसी से भी साझा न करें। उन्होंने बताया कि आज की दुनिया पूरी तरह से इंटरनेट पर निर्भर है, ऐसे में टेक्नोलॉजी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना और सतर्क भी रहना बेहद आवश्यक है। साथ ही साइबर क्राइम के एक सबसे नए तरीके डिजिटल अरेस्ट के विषय में तफ्तीश से समझाते हुए उन्होंने छात्रों से कहा कि भारत की कोई भी जांच एजेंसी किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है, यह लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर आपकी जानकारी एकत्रित करते हैं, और फिर उसके बाद आपको ठगने के लिए कॉल के माध्यम से आपको धमकाकर पैसे ऐंठते हैं। इसलिए ठगी करने वालों से पूरी तरह सावधान रहें। इस दौरान शिक्षकों समेत छात्र-छात्राओं ने अपने व अपने परिजनों के साथ हुई ऐसी घटनाओं को साझा भी किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के साथ मोरवा थाने का बल वहीं विद्यालय से प्रधानाचार्य, प्राचार्य और भारी मात्रा में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पुलिस ने 150 शीशी कोरेक्स के साथ 2 आरोपियो को किया गिरफ्तार




**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अति. पुअ शिवकुमार वर्मा व आशीष जैन अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चितरंगी के मार्गदर्शन में थाना गढवा प्रभारी निरी. अनिल कुमार पटेल के द्वारा पुलिस टीम गठित कर अवैध मादक द्रव्य कोडिन युक्त कफ सिरफ की कार्यवाही की गई। जिसमें गढ़वा पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक द्रव्य कोडिन युक्त कफ सिरफ बिक्री हेतु ले जाते पाये जाने पर 2 आरोपियों को पकड़ा है । जानकारी मे बताया गया कि बीते 31 जनवरी को थाना गढ़वा पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक बिना नंबर की पैशन मोटर सायकल से भरहरी उ.प्र. से जंगल के रास्ते दहाना तिराहा होते हुए अवैध मादक द्रव्य कोडिन युक्त नशीली कफ सिरफ लिये बिक्री करने हेतु चितरंगी जा रहें हैं। सूचना पर थाना प्रभारी गढ़वा द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर राधारमन उर्फ बाबा हलवाई पिता सुरेश हलवाई उम्र 29 वर्ष निवासी चितरंगी थाना चितरंगी,जयशिया यादव पिता रामशिरोमणि यादव उम्र 34 वर्ष निवासी चितरंगी के कब्जे से 150 शीशी कोडिन युक्त कफ सिरफ कीमती 27,000 रूपये की व एक नग बिना नम्बर की पुरानी इस्तेमाली पैशन मो.सा. कीमती 60,000 रूपये की जप्त कर आरोपीयों को विरूद्ध थाना गढवा में अपराध धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अनिल कुमार पटेल, उनि सुरेश वर्मा, सउनि रामचरण सतनामी, शिवाकांत बागरी, प्रआर. गरूण प्रसाद साकेत, आर. अजीत उपाध्याय, रमेश यादव, महफूज खान, विजय यादव, महेश जाधव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शिविक सेंटर में निर्मित होने वाली दुकानो का आरक्षण सम्पन्न

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के द्वारा वार्ड क्रमांक 42 में शिविक सेंटर का निर्माण कराया जा रहा। उक्त शिविक सेंटर के निर्मित होने वाली दुकानो का आरंक्षण नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा के निर्देशन पर उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस के द्वारा वार्ड पार्षद संतोष शाह, जीएल शाह, राम गोपाल पाल, सहायक यंत्री आलोक टीरू के उपस्थित में आरंक्षण पर्ची के माध्यम से सम्पन्न कराया गया।

# नगर निगम आयुक्त ने की बीएलसी घटक के तहत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासो की समीक्षा



**सिंगरौली।** विगत दिवस ननि आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक की प्रगति की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में आयुक्त को अवगत कराया गया कि बीएलसी घटर के तहत 1526 अपूर्ण आवास जो पिछले 5 वर्षो से हितग्राहियों द्वारा पूर्ण नहीं किए जा रहे है।जिससे निकाय की जिलेवार प्रगति निम्न स्तर पर है आयुक्त द्वारा उक्त के संबंध में अप्रसन्नता व्यक्त की गई।निगमायुक्त ने निर्देश दिये कि वार्ड प्रभारी उपयंत्री एवं सहायक यंत्री निरंतर हितग्राहियों के आवासों पर जाकर आवासो के निर्माण कार्य के प्रगति की अवलोकन करे। ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा निर्माण में रूचि नही ली जा रही उन्हे नोटिस जारी कर आवास निर्माण के लिए जारी राशि वशूली करने की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। निगमायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया की की आगामी बुधवार तक 186 छत लेवल लंबित आवासों को शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करे एवं अपने अपने वार्डो के अधीनस्त फाउंडेशन एवं चौखट लेवल तक के लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए।

जिन हितग्राहियों द्वारा बार - बार समझाइश एवं नोटिस तमिल के बाद भी समय सीमा पर आवास को पूर्ण नहीं किए जा रहा है उन्हें चिनिहृत कर शासन के नियमानुसार दी गई किस्तों की राशि आर.आर.सी दर्ज कर उनकी अंचल संपत्ति से वसूली कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री वी बी उपाध्याय ,वार्डो के सहायक यंत्री व उपयंत्री एवं चउंल कंसलटेंट सुशिल कुमार उपथित रहे।

# राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्राचार्य कामता तिवारी हुए सेवानिवृत्त

**सिंगरौली।** चितरंगी नौडिहवा पोड़ी हाई स्कूल के प्राचार्य कामता प्रसाद तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां शासकीय हाईस्कूल नौडिहवा में पदस्थ प्राचार्य कामता प्रसाद तिवारी 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। उनका स्कूल परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा संकुल अंतर्गत समस्त स्टाफ एवं गांव के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि हाई स्कूल नौडिहवा में प्रथम बार किसी प्राचार्य को सेवानिवृत्ति की भव्य विदाई दी गई।

# दो हजार मुआवजा धारियों पर वसूली का संकट ,हाईकोर्ट के फटकार के बाद बनी परिस्थिति

## मनमाने ढंग से भू-अर्जन अधिकारी ने बांटा मुआवजा



**सिंगरौली।** रेलवे लाइन से प्रभावित करीब दो हजार मकानों का मुआवजा देने के मामले में सिंगरौली प्रशासन बुरी तरह फस गया है। ऐसी स्थिति बन गयी है कि अब अधिकारियों से कुछ करते नहीं बन रहा है। हाईकोर्ट के फटकार ने जिला प्रषासन एवं भू-अर्जन अधिकारी की पूरी प्रक्रिया को ही कटघरे में ला दिया है, हालांकि फिलहाल अभी महज एक मामला में पेंच फसा हुआ है, लेकिन ऐसी ही स्थित करीब दो हजार मामलों में है। इस मामले को सुलझाने में अधिकारी एड़ी चोंटी का जोर लगा रहे हैं किसी भी तरह यह मामला सुलझ गया तो अन्य दो हजार मामलों में वे अपने को किस प्रकार से बचायेंगे यह सवाल बना रहेगा।

जिले में कलेक्टर से लेकर एसडीएम ने जमकर मनमानी की। इन अधिकारियों ने रेलवे मुआवजा भुगतान के नियमों को दरकिनार करते हुए अपनी मनमानी चलायी। ऐसा तो हो नहीं सकता कि अधिकारियों को नियमों की जानकारी न रही हो ऐसे में यह माना जा रहा है कि अपने व्यक्तिगत लाभ एवं अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिये इन अधिकारियों ने नियमों से खिलवाड किया और अपनी मनमानी चलायी। जिले में करीब दो हजार ऐसे मामले हैं जिसमें मकान का मुआवजा भुमि स्वामी को न देकर तीसरे व्यक्ति को भुगतान किया गया। हालत यह है कि ऐसे भूमि स्वामियों के सहमति पत्र तैयार किये गये जिनकी उम्र काफी ज्यादा थी और वे बिना पढे लिखे आदिवासी एवं वृद्ध हैं।

### लाखों का भुगतान

पूरे मामले का अभी खुलासा नहीं हुआ है यदि ऐसा होता है तो दातों तले अंगुली दबाये रह जायेंगे। अधिकारियों ने मनमानी की सारे हदें पार कर दी। हैरत की बात यह है 30 से 40 लाख रुपये एक ही व्यक्ति को भुगतान कर दिये गये ऐसा व्यक्ति जो भुमि स्वामी नहीं था। मकान के नाम पर सहमति पत्र पर भू- अर्जन अधिकारियों ने इतनी बड़ी राषि तीसरे व्यक्ति को भुगतान कर दिया। इस प्रकार से अधिकारियों ने करोंडों को खेल किया। जिसमें अधिकारियों के करीबी के साथ ही सत्तापक्ष एवं विपक्ष से जुडें नेताओं के नाम भी षामिल हैं।

### सभी से हो सकती है वसूली

हाईकोर्ट के निर्देष के बाद ऐसे सभी लोगों से प्रषासन वसूली कर सकता है। फिलहाल अभी एक मामले को लेकर वसूली की प्रक्रिया षुरु हुई है। इसी तर्ज पर इससे जुड़े अन्य मामलों में भी वसूली हो सकती है। इसे लेकर मुआवजा घोटाला से जुडे सभी लोगो में दहषत एवं अफरातफरी है। देवसर एसडीएम कार्यालय एवं भुअर्जन कार्यालय से जुडे लिपिक से लेकर अधिकारी इस कारनामें में संलिप्त हैं। उनकी करतूत सामने आ गयी है।

# कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली
# जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/ / राजस्व/2025 सिंगरौली दिनांक ..........

**सार्वजनिक इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवजीवन विहार जोन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 तहसील व जिला सिंगरौली (म.प्र.) में स्थित पशुवध दुकान क्रमांक 03 साईज 126 X 26 फिट मोहम्मद नईम तनय पीर मोहम्मद निवासी नवजीवन विहार पो.विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली (म.प्र.) के नाम से आवंटित है। लीज ग्रहिता/पट्टेदार द्वारा उक्त दुकान क्रमांक 03 का नामान्तरण खुर्शीद अहमद तनय स्व. मो. शहीद निवासी नवजीवन विहार पो. विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली (म.प्र.) के नाम से कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस कार्यालय में विचाराधीन है।

अतः नवजीवन विहार पशुवध दुकान क्रमांक 03 साईज 126 X 26 फिट खुर्शीद अहमद तनय स्व. मो. शहीद निवासी नवजीवन विहार पो. विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली (म.प्र.) के नाम से किये जाने हेतु सार्वजनिक इश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधि मान्य नहीं होगी।

**प्रभारी अधिकारी ( राजस्व )**
**उप कार्यालय नवजीवन विहार**
**नगर पालिक निगम सिंगरौली**

# देश के इतिहास में पहली बार मध्यम वर्गीय एवं गरीबों का ऐतिहासिक बजट : शरदेन्दू

सीधी

मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व चुरहट विधायक शरदेन्दू तिवारी ने भारत सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक है। इसके साथ ही विकसित भारत समर्थ भारत के अभियान को आगे बढ़ने वाला बजट है। इसमें 12 लाख तक की आय करमुक्त कर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए दोगुनी कर छूट उनके सम्मान का प्रतीक है। यह बजट युवा, किसान, महिला और आम जनों के लिए खुशहाली की सौगाते लेकर आया है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक श्री तिवारी ने बजट पर त्वरित प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि टीडीएस की सीमा 10 लाख तक बढ़ाकर व्यवसायियों को सहूलियत दी गई है, वहीं चार वर्षों तक आईटी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा



करदाताओं के लिए बड़ी सौगात है। इलेक्ट्रिक वाहन, मोबाइल फोन, एल इ डी, एल सी डी ,टीवी ,कैंसर की दवाएं, कपड़े जूते सस्ते हुए जो मध्य वर्गी को राहत देगा, भारत के इतिहास में ऐसा बजट पहली बार प्रस्तुत किया गया है, जिसमें सरकार ने अपना खजाना नहीं, बल्कि जनता जनार्दन की जब को भरने की चिंता की है। किसानों के क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़कर 5 लाख, धन-धान्य योजना का पूरे देश भर के किसानों को लाभ, साथ ही खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए बड़ी सौगातें दी गई है जो अपने आप में ऐतिहासिक है। देशभर में मेडिकल कॉलेज की 75 हजार सीटें बढ़ाने आईआईटी की सीटें दोगुनी करने का ऐलान। रोजगार के नए अवसर उद्योग और विकास के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं ।

## 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाला शानदार ऐतिहासिक बजट : विधायक



लोकसभा संसदीय क्षेत्र की पूर्व सांसद एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पेश किए गए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत?व में वित?त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक और आम जनता को समर्पित बजट है। ये बजट विकसित भारत के अटल संकल्प की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। इस बजट में हमारे हमारे गरीब, अन्नदाता, नारी शक्ति और नौजवानों को सशक्त व सक्षम बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं। केंद्र सरकार का नया बजट संपूर्ण भारत वर्ष, हर क्षेत्र, हर समाज और वर्ग के विकास को सुनिश्चित करने वाला बजट है।

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि भारत के इतिहास में पेश किया गया यह अद्भुतिय बजट है, जिसमें इनकम टैक्स छूट की सीमा 12 लाख कर दी गई है। जो भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने के लिए कारगर होगा। बजट में शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। मेडिकल एजुकेशन और आई आई टी में 75000 सीटें बढ़ाने की घोषणा इस बजट में की गई है, जो शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन पैदा करेगा।

विधायक श्रीमती पाठक ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है इस बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की घोषणा की गई है। इस योजना से देश के 100 जिले और 1.70 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। इस बजट में कृषि और अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ी सौगात देश के नागरिकों को मिली है। बजट प्रस्तावों से देश और उसके विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन की झलक दिखाई देती है।

## यह बजट आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की दिशा में ऐतिहासिक एवं युगांतकारी कदम : देव कुमार



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने बजट का स्वागत करते हुए अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि टैक्स स्लेव में बड़ा बदलाव, 12.75 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं; स्टैंडर्ड डिडक्शन को 75000 रुपये ही रखा गया, पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ कर सकेंगे दाखिल, अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल आएगा,कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जुड़ी 36 दवाइयां पूरी तरह से ड्यूटी फ्री, टीवी-मोबाइल, दवाएं, भारत में? बने कपड़े, चमड़े के सामान और इलेक्ट्रिक कार होंगी सस्ती, एम यस एम ई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए लोन 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़, लोन देने के लिए कार्ड जारी होंगे, किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना का ऐलान, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़कर 5 लाख हुई, बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा ,खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता के लिए 6 साल का मिशन, लेदर उद्योग स्कीम में 22 लाख नई नौकरी पैदा करने का लक्ष्य, भारत को टॉयज का ग्लोबल हब बनाएंगे,आईआईटी में टेक्नोलॉजिकल रिसर्च के लिए 10 हजार पीएम स्कॉलरशिप, अगले 5 वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब, सभी सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी,सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर सेंटर स्थापना होगी, जल जीवन मिशन का बजट आउटले 100 प्रतिशत कवरेज हासिल करने के लिए बढ़ाया गया,120 गंतव्यों को जोड़ने के लिए संशोधित उड़ान योजना शुरू होगी, 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को मदद मिलेगी,इंश्योरेंस सेक्टर के लिए 100 एफडीआई की मंजूरी सहित सैकड़ो उल्लेखनीय जन कल्याण की योजनाएं शामिल हैं। कुल मिलाकर बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनों को उड़ान देने वाला बजट है।

## म.प्र.डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

## मिलेट को बढ़ावा देने एवं महिला किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए एक और सार्थक प्रयास



### सिहावल ब्लाक में कोदो-कुटकी की खेती कर रहे किसानों के लिए एक बड़ी सौगात

**सीधी।** सीधी जिले के सिहावल ब्लाक में आजीविका मिशन के द्वारा सिंहदेव महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के सहयोग से सदस्य मोबिलाइजेशन एक डिजिटल कमोडिटी कलेक्शन सेन्टर खोलने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री अंशुमन राज, जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिलेट की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ मिलेट की खेती कर रहे किसानो को बेहतर मूल्य दिलाना है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। साथ ही मिलेट एवं उससे बने उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके।

इसके साथ ही विंध्य आहार ब्रांड के तहत कोदो, कुटकी एवं सांवा जैसे पोषक अनाजों को सीधी जिला मुख्यालय स्थिति आजीविका मार्ट में विक्रय हेतु उपलब्ध कराने के लिए सिंहदेव महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।

# मध्यम वर्ग की बल्ले बल्ले : अजय



**सीधी।** भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य डॉ अजय मिश्रा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है ।12 लाख की टैक्स सीमा में छूट ,मध्यम वर्ग की बल्ले बल्ले है वहीं छात्रों, किसानो और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए विभिन्न प्रकार के स्कीम की घोषणा की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीताराम जी द्वारा आज प्रस्तुत किया गया बजट संतुलित, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को तीव्र गति प्रदान करेगा। इसमें गरीब, किसान व मध्यम वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। यह समावेशी व सर्वहितकारी बजट वंचितों का सम्मान सुनिश्चित करेगा और इसमें नारीशक्ति व मध्यम वर्ग का उत्थान समाहित है।

## विश्व कैंसर दिवस 04 फरवरी के अवसर पर होगा मैराथन

सीधी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने जानकारी देकर दिनांक 04.02.2025 को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब सीधी के सहयोग से समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगा जिसमें मैराथन आयोजन जिला अस्पताल से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहे से होते हुए सेन्ट्रल स्कूल से गांधी चौराहे तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिला चिकित्सालय सीधी एवं नगरपालिका क्षेत्र सीधी के आसपास के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग आफीसर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, ए.एन.एम., आशा/ऊषा सहयोगी, सुपरवाईजर्स व समस्त स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए अधिकारी/कर्मचारी को आदेशित किया गया है कि दिनांक 04.02.2025 को प्रातः 08.00 बजे जिला चिकित्सालय प्रांगण में एकत्रित होकर उक्त मैराथन आयोजन को भव्य स्वरूप दिये जाने हेतु समस्त चिकित्सक/कर्मचारी अपने-अपने ड्रेस कोड में उपस्थित होंवे।

# विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्पर्श अभियान का आयोजन किया गया

## कुष्ठ जागरूकता अभियान से लोगों को किया गया जागरूक

**सीधी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत स्पर्श अभियान का आयोजन एनएचएम सभागार में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे द्वारा महात्मा गांधी जी के फोटो को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांधी जी ने समाज में कुष्ठ रोगी एवं कुष्ठ रोग के प्रति फैली व्यापक भ्रांति और कुप्रथाओ को मिटाने का संकल्प लिया था। उनके द्वारा कुष्ठ पीड़ितों के सेवा कर समाज को संदेश दिया गया था कि कुष्ठ



पीड़ित भी समाज का अभिन्न अंग है उन्हे भी सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। सीएमएचओ द्वारा संकल्प वाचन और शपथ दिलाई गई कि कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नहीं करेंगे, समाज के मुख्य धारा से जोड़कर कुष्ठ मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. नागेंद्र बिहारी दुबे द्वारा कुष्ठ रोग एवं विकृति से बचने की जानकारी दी गई। सभागार में उपस्थिति कुष्ठ रोगियों को दिन में दो बार जल तेल उपचार। इसके साथ आम जन में कुष्ठ के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के लिए बताया गया कि शरीर में फीके लाल रंग दाग धब्बे जो सुन्न हो जाते हैं, हाथ पैर में झुनझुनी, सुन्नपन होना, चेहरे पर तेलिया चमक, सूजन होना कुष्ठ के लक्षण हैं, इसकी जांच कराना चाहिए। कुष्ठ रोग की जांच और उपचार प्रत्येक सरकारी अस्पताल में निःशुल्क होती है। समापन पर कुष्ठ रोगियों को एमसीआर सैण्डल, सेल्फ केयर किट, पोविडोन ट्यूब, कैल्शियम, मल्टीविटामिन, पेरासिटामोल अमोक्सिसिलिन, कॉटन, पट्टी आवश्यक साम्रगी का वितरण किया गया।

## गरीब, युवा, किसानों के हित मे बजट: राकेश



**सीधी।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आंठवा आम बजट प्रस्तुत किया गया। जिसके संदर्भ में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य द्वारा बजट को गरीब, युवाओं और किसानों के लिए हितकारी बताया गया। बजट में 12 लाख तक वार्षिक इनकम वाले नागरिकों को इनकम टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया। एससी, एसटी की महिलाओं के लिए नई योजनाओं को बनाना, युवाओं की स्टार्टअप योजना की राशि को बढ़ाकर 10 करोड और इसके साथ-साथ किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड राशि की लिमिट को बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया और कई अहम फैसले लिए गए है।

# नगर पालिका में एचआईवी एवं एड्स विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

सीधी

जिला शहरी विकास अभिकरण जिला सीधी, मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति जिला चिकित्सालय जिला सीधी तथा नगर पालिका सीधी के सहयोग से नगर पालिका परिषद सीधी के सभागार में जिले की स्व सहायता समूहों की महिलाओं को एचआईवी एवं एड्स विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला में



प्रशिक्षकों द्वारा एचआईवी के फैलने के कारण असुरक्षित यौन संपर्क से, संक्रमित रक्त और ब्लड प्रोडक्ट (रक्त उत्पाद)से, संक्रमित सुइयों, सिरिंजों या नुकीले औजारों से, एचआईवी संक्रमित मां से उसके बच्चों को होने एवं बचाव के विषय में उपस्थित स्व सहायता समूहों की महिलाओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला शहरी विकास अभिकरण जिला सीधी से परियोजना अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी मिनी अग्रवाल, आईसीटीसी काउंसलर जरीना बेगम, आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन संतोष तिवारी, परियोजना प्रबंधक संपूर्ण सुरक्षा केंद्र जिला चिकित्सालय सीधी वेदांती मिश्रा, औसटी सेंटर काउंसलर इंदल सिंह, सिटी मिशन मैनेजर संदीप मिश्रा, दिलीप विश्वकर्मा, मनोज कुमार चौबे सिटी मिशन मैनेजर (डूडा) जिला शहरी विकास अभिकरण जिला सीधी, सहायक स्वच्छता अधिकारी गौरव सिंह चौहान एवं नगरीय क्षेत्र के सदस्यों के द्वारा सहभागिता की गई।

## प्रमोद द्विवेदी को मिली पीएचडी की उपाधि, हुए सम्मानित

**सीधी।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में कार्यरत संकाय सदस्य प्रमोद कुमार द्विवेदी को अवधेश प्रताप सिंह विष्वविद्यालय रीवा द्वारा कम्प्यूटर विज्ञान विषय में उनके शोध कार्य ष्स्टडी आफ मेट्रोलाजिकल फोरकास्टिंग यूजिंग डेटा माइनिंग टेक्निक्स फ ार क्राप यील्ड पोटेन्सियलष् के लिये पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

## बजट विकसित भारत मिशन का बनेगा ग्रोथ इंजन : सुरेंद्र मणि



**सीधी।** भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में विकसित भारत के मिशन के ग्रोथ इंजन का कार्य करेगा। 140 करोड़ देशवासियों के जीवन स्तर उठाने, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सशक्त और समृद्ध शाली बनाने वाला बजट है। नए रोजगार का सृजन होगा, विकास के साथ विरासत का भी रखा गया है ध्यान।

भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया के जिला संयोजक जितेंद्र तिवारी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है।

## कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी में छात्रों को दी गई जानकारी



**सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय संजय गांधी स्मृति स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी द्वारा क्षेत्रांतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिए कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. के. सिंह के मार्गदर्शन में अभियान दल द्वारा क्षेत्रांतर्गत विद्यालयों के भ्रमण के दौरान शुक्रवार दिनांक 31.01.2025 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक1 सीधी में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कक्षा 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

अभियान दल में महाविद्यालय के कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. उमाकांत साहू सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र व डॉ दिलीप कुमार सोनी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एस एन त्रिपाठी शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# माध्यम वर्ग के लिए मील का पत्थर साबित होगा यह बजट : डॉ राजेश

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद और बजट के प्रत्यक्ष दर्शी डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे अति प्रसन्नता है कि संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए 2025 के ऐतिहासिक बजट में मैंने हिस्सा लिया, इस अमृतकाल में प्रस्तुत 2025 का बजट भारत को विकास के नए आयाम स्थापित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

मुझे बहुत अच्छा लग रहा था जब मैं बजट में गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग के हितों की बात हो रही थी यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है - बजट के कुछ प्रमुख बिन्दुओं को मैं साझा कर रहा हूँ वैसे तो इस्तनी सौगातें मिलीं है कि गिनाने के लिए कई दिन कम पड़ेंगे। यह 140 करोड़ भारतीयों के आशाओं का बजट है, यह बजट मध्यमवर्ग व गरीब का बजट है । इस बजट में हमारी सरकार ने चिंता किया है कि नागरिकों की जेबें कैसे भरेंगी ! पर्यटन को बढ़ावा देने वाला यह बजट है ! चिकत्सीय क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर प्रदान करने वाला बजट है।

**12,00,000 तक की सामान्य आय पर इनकम टैक्स 0.**

सीनियर सिटिजन की इन्कम पर टीडीएस 100000 तक नही कटेगा। इसी तरह 6,00,000/- किराए तक टीडीएस नही कटेगा।

**किसानों को मिलेगा सस्ता कर्ज**

सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है. इससे किसानों को कम ब्याज दर पर कर्ज मिल सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा.

**आर्थिक सुधार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा**



बजट में सरकार ने निजी निवेश को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। एमएसएमई सेक्टर को अधिक वित्तीय सहायता देने और निर्यात को बढ़ाने के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई है. यह हमारी सरकार का सराहनीय निर्णय है !

**छोटे उद्योगों को स्पेशल क्रेडिट कार्ड**

छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। पहले साल 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। एम यस एम ई क्रेडिट गारंटी कवर 5 करोड़ रुपये से बढ़कर 10 करोड़। सूक्ष्म उद्यमों के लिए एम यस एम ई क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया जाएगा, जिससे अगले पांच वर्षों में अतिरिक्त 1.5 लाख करोड़ रुपये का क्रेडिट मिलेगा। मेक इन इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए विनिर्माण मिशन नीति समर्थन और विस्तृत ढांचे के माध्यम से छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करेगा। बजट 2025 में मिडिल क्लास को बड़ी सौगात मिली है. अब 12 लाख सालान कमाने वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा

**वित्तमंत्री जी ने इस बजट को तीन इंजनों में विभक्त किया है**

पहला इंजन है कृषि, कृषि प्रधान हमारे देश को कृषि के क्षेत्र में बहुत सौगातें प्राप्त हुईं हैं प्रमुख है - प्रधानमंत्री धन- धान्य कृषि योजना का शुभारम्भ कर 100 जिलों को विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें कृषि के क्षेत्र में पहले चरण में संपन्न बनाकर खेती को प्रोत्साहित करने की योज्ना अभिनंदनीय है ! कृषि के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक सौगातें प्राप्त हुई हैं!

दुसरे इंजन के रूप में लघु व माध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सौगातें प्राप्त हुई हैं जिनमें से प्रमुख है - पहली बार के उद्यमियों के लिए नै योजना स्वीकृत की गई है जिसमें 5 लाख महिला, अनुसूचित जाती, अनुसूचित जनजाति के लोगों को अगले 5 वर्ष के दौरान 2 करोड़ तक का सावधि ऋण उपलब्ध होगा!

तीसरे इंजन के रूप में निवेश को प्राथमिकता देना भी हमारी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है इसमें लोगों में निवेश अर्थव्यवस्था में निवेश, नवाचार में निवेश शामिल है !

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार द्वारा कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए है - जिसमें प्रमुख हैं अगले 5 वर्षों में 75000 मेडिकल सीटों को जोड़ने की दिशा में आगामी वर्ष में मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त सीते जोड़ना है ! दूसरा प्रमुख निर्णय सभी जिला अस्पतालों में डे- केयर कैंसर केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य अगले 3 वर्षों निर्द्धारित किया गया है ! वर्ष 2025-26 में 200 केंद्र स्थापित करने का लज्क्ष्य है! चिकित्सक होने के नाते इस हेतु मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र भी मोदी जी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करता हूँ

बजट के होने वाले अनुदान मांगों में चर्चा के दौरान मेरे द्वारा सीधी संसदीय क्षेत्र के विकास हेतु अनेक विकास परियोजनाओं की मांग की जाएगी तथा मुझे विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी केंद्र सरका सीधी संसदीय क्षेत्र को विकसित बनाने में कोई कसार नहीं छोड़ेगी!

मैं 2025 के इस जनहितैषी बजट के लिए प्रधानमंत्री जी व वित्तमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ ।

## संपादकीय

# सही साबित हुआ भारत

कनाडाई आयोग की रिपोर्ट ने आखिरकार दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। मंगलवार को आई इस रिपोर्ट में यह साफ कर दिया गया कि कनाडा में जून 2023 में हुई खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ का कोई सबूत नहीं है। जाहिर है, इसके बाद कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप मुंह के बल गिरे नजर आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जब अपने देश की संसद में यह आरोप लगाया था, तब भी उनके उस कृत्य को गैरजिम्मेदाराना माना गया था। भारत ने आरोपों को बेतुका बताते हुए उनसे सबूत मांगे थे जो वह कभी दे नहीं पाए। और अब उनके ही देश के आयोग की रिपोर्ट बताती है कि उनका वह बयान सफेद झूठ पर आधारित था। जस्टिन ट्रूडो के झूठे आरोपों के बाद स्वाभाविक ही दोनों देशों के रिश्तों में गिरावट आई। भारत ने ट्रूडो के बयानों को राजनीति से प्रेरित बताया था। लेकिन कड़ा भारत विरोधी रुख भी घरेलू राजनीति में उनकी खास मदद नहीं कर पाया। आखिर उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा करनी पड़ी। अब वह नया नेता चुने जाने तक के लिए इस पद पर हैं। अब जब निज्जर हत्याकांड से जुड़े कनाडा के आरोप पूरी तरह खारिज हो चुके हैं, तब भारत विरोधी तत्वों को खुली छूट देने के मसले पर नए सिरे से बात होनी चाहिए। भारत पहले से कहता रहा है कि कनाडा और अन्य यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अलगवावादी तत्व जिस तरह की भारत विरोधी गतिविधियां खुलेआम चला रहे हैं, उन पर प्रभावी रोक लगाने की जिम्मेदारी उन देशों की है। कनाडा सरकार को तो उस पर काम करना ही चाहिए, अन्य देशों को भी इस पहलू पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। चूंकि कनाडा में इसी साल चुनाव होने हैं, इसलिए दोनों देशों के पास मौका है कि अतीत की गलतियों को पीछे छोड़ते हुए रिश्तों को पटरी पर लाने की नए सिरे से कोशिश की जाए।

**पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई। राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किये गये।**

# पाठ्यक्रमों में बदलाव भी बन गया सत्ता पाने का हथियार

(योगेंद्र योगी)

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे।

देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार 'संघ परिवार' जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे।

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने



कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई।

राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किये गये। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अन्दर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया।

वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया। वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किये। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया। मम्लूक, तुगलक, खिलजी, लोधी और मुगल साम्राज्य समेत सभी मुस्लिम साम्राज्यों के बारे में जानकारी देने वाले कई पन्नों को हटाया गया। जाति व्यवस्था से भी जुड़ी काफी जानकारी को हटा दिया गया, जैसे वर्ण प्रथा वंशानुगत होती है, एक श्रेणी के लोगों को अछूत बताना, वर्ण प्रथा के खिलाफ विरोध, 2002 के गुजरात दंगे, आपातकाल, नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे जन आंदोलनों आदि जैसी आधुनिक भारत की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी को भी हटा दिया गया। पाठ्यपुस्तकों से विवादास्पद हटाए गए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पाठ्यपुस्तक की सामग्री बदल सकते हैं, लेकिन वे इतिहास को नहीं मिटा सकते।

भाजपा सरकार द्वारा 'पाठ्यपुस्तकों के भगवाकरण' की व्याख्या करते हुए, केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा था कि संघ परिवार इतिहास के निरंतर भय में रहता है क्योंकि यह उनके असली चेहरे को उजागर करता है। वे इतिहास को फिर से लिखने और उसे झूठ से ढकने का सहारा लेते हैं। संघ परिवार में आरएसएस और भाजपा सहित उसके संबद्ध संगठन शामिल हैं। रोमिला थापर और जयति घोष जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों, जिन्होंने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के पिछले संस्करण लिखे हैं, ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर हटाए गए शब्दों को वापस लेने की मांग की थी।

इन बदलावों को विभाजनकारी उद्देश्यों से प्रेरित बताते हुए बयान में कहा गया कि किताबें लिखने वालों से सलाह लेने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह एक ऐसा निर्णय है जो भारतीय उपमहाद्वीप के संवैधानिक लोकाचार और समग्र संस्कृति के खिलाफ है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इतिहास के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव किए। ये बदलाव सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर हैं। ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए। इस अध्ययन से माना जाता रहा कि आर्यों के आगमन का सिद्धांत गलत साबित होता है।

# ओपन मैरिज और विवाह व्यवस्था, भारतीय समाज को किस तरह प्रभावित करेगा यह चलन?

**हिंदू धर्म और परंपरा में पति-पत्नी का रिश्ता पूर्वजन्म का संबंध होता है। समाज के भीतर यह रिश्ता सात जन्मों के बंधन के रूप में पूजा जाता है। विष्णु और लक्ष्मी से लेकर शिव-पार्वती तक विवाह का पवित्र बंधन आपसी विश्वास और प्रेम की अटूट डोर से बंधा होता है। कहा जाता है जन्म,मरण,परण सब विधि के हाथ होता है। इसका अर्थ है कि ना मनुष्य के हाथ में जन्म है, ना मृत्यु और ना ही विवाह का बंधन। कौन किसके साथ रिश्ते में बंधेगा यह सब विधाता के हाथ में होता है। अन्य धर्मों की तरह हिंदू धर्म में विवाह कभी ना टूटने वाला बंधन है यानी की यहां तलाक की व्यवस्था नहीं है। जीवन में एक बार पति या पत्नी के रूप में वरण कर लिया वह फिर आजीवन साथ निभाता है।**

(दीक्षा पाठक)

बीते एक दशक में समाज में तेजी से परिवर्तन के होने चलते रिलेशनशिप के कई तरह के कॉन्सेप्ट्स सामने आए हैं, उन्हीं में विवाह के अंतर्गत एक कॉन्सेप्ट है, जिसे ओपन मैरिज कहा जा रहा है। समाजशास्त्रियों से लेकर के मनोवैज्ञानिक तक ओपन मैरिज के कॉन्सेप्ट को एक तरह से स्वीकार्यता दे चुके हैं। पश्चिम का यह कॉन्सेप्ट भारतीय समाज में धीरे-धीरे प्रवेश कर रहा है। भारतीय संस्कृति में शादी को वह पवित्र बंधन माना जाता है। हिंदू धर्म और परंपरा में पति-पत्नी का रिश्ता पूर्वजन्म का संबंध होता है। समाज के भीतर यह रिश्ता सात जन्मों के बंधन के रूप में पूजा जाता है। विष्णु और लक्ष्मी से लेकर शिव-पार्वती तक विवाह का पवित्र बंधन आपसी विश्वास और प्रेम की अटूट डोर से बंधा होता है। कहा जाता है जन्म,मरण,परण सब विधि के हाथ होता है। इसका अर्थ है कि ना मनुष्य के हाथ में जन्म है, ना मृत्यु और ना ही विवाह का बंधन। कौन किसके साथ रिश्ते में बंधेगा यह सब विधाता के हाथ में होता है। अन्य धर्मों की तरह हिंदू धर्म में विवाह कभी ना टूटने वाला बंधन है यानी की यहां तलाक की व्यवस्था नहीं है। जीवन में एक बार पति या पत्नी के रूप में वरण कर लिया वह फिर आजीवन साथ निभाता है। हालांकि, बीते कुछ दशकों में सामाजिक परिवर्तनों के चलते और समाज के ढांचे में बदलाव के चलते परिवारिक ढांचा पूरी तरह से बदल गया है। आज हिंदू धर्म में तलाक एक न्यायिक व्यवस्था के अंतर्गत है। दो लोग आपसी सहमति से अलग हो सकते हैं जिसे न्यायपूर्वक और कानून द्वारा तय किया जाता है।

**क्या है ओपन मैरिज का आधार:** बहरहाल, दांपत्य जितना प्रेम से परिपूर्ण रिश्ता है, उतना ही यह आपसी विश्वास की डोर से बंधा हुआ है। यह वह आपसी भरोसा ही है जिसके चलते एक परिवार की वंशावली निर्मित होती चली जाती है। लेकिन उत्तर आधुनिक समाज में बाजारवाद के प्रभाव के चलते सामाजिक संरचनाएं न केवल विखंडित हुई हैं बल्कि, संयुक्त परिवारों की तुलना में एकल परिवार का कॉन्सेप्ट शुरू हो गया है। पहले पति-पत्नी, माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते थे, लेकिन वैश्विक परिदृश्य में बदलाव के चलते खासतौर पर ग्लोबलाइजेशन के बाद के बाद अब केवल एकल परिवार रह गए हैं। जाहिर है इन एकल परिवारों में संयुक्त परिवार का आधार न होने के कारण पति और पत्नी के बीच के संबंधों में दरार आई है। नौकरी पेशा जिंदगी, महानगरों में रहना, तनाव, आपसी विश्वास की कमी, यह सब संबंधों के टूटने का आधार रहे हैं। शादी के टूटने में सबसे बड़ी भूमिका नीरसता, साथी की ओर से उपेक्षा, विवाहेत्तर संबंध। यह वह सब कारण हैं जिसके चलते ओपन मैरिज जैसे कॉन्सेप्ट 21वीं सदी में हमारे सामने है।

**आखिर क्या है ओपन मैरिज:** बीते एक दशक में समाज में तेजी से परिवर्तन के होने चलते रिलेशनशिप के कई तरह के कॉन्सेप्ट्स सामने आए हैं, उन्हीं में विवाह के अंतर्गत एक कॉन्सेप्ट है, जिसे ओपन मैरिज कहा जा रहा है। समाजशास्त्रियों से लेकर के मनोवैज्ञानिक तक ओपन मैरिज के कॉन्सेप्ट को एक तरह से स्वीकार्यता दे चुके हैं। पश्चिम का यह कॉन्सेप्ट भारतीय समाज में धीरे-धीरे प्रवेश कर रहा है। ओपन मैरिज का कॉन्सेप्ट न केवल महानगरों की देन है बल्कि यह अब धीरे-धीरे महानगरीय संस्कृति का हिस्सा बन रहा है।

**ओपन मैरिज एक वरदान या अभिशाप:** शादी में पति-पत्नी का संबंध भरोसे पर ही आधारित होता है। भरोसा एक ऐसा शब्द है कि अगर किसी व्यक्ति पर जघन्य अपराध का भी आरोप लगा हो और उसने अपनी पत्नी से मात्र इतना कह दिया कि क्या तुम्हें मुझपर भरोसा नहीं है तो उसकी पत्नी को किसी सबूत की जरूरत ही नहीं होगी। अगर शादी भरोसे का रिश्ता होता है तो क्या हमारा समाज इतना आगे बढ़ गया है कि अब इस रिश्ते में एक तीसरे व्यक्ति की भी जरूरत पड़ रही है। आश्चर्य की बात यह है कि आज के युवाओं में न केवल इसे सही माना जा रहा है बल्कि पसंद भी किया जा रहा है।

**क्यों बढ़ रहा है ओपन मैरिज का ट्रेंड:** सोशल मीडिया के इस दौर में कुछ भी छुपाना असंभव है। आज के समय में लोगों का रिश्ता भी बदलता जा रहा है और उसे निभाने का तरीका भी। एक तरफ तो कुछ लोग अपना सारा जीवन एक इंसान के साथ ही गुजारना चाहते हैं। वहीं, कुछ लोग जीवन में रोमांस को ज्यादा तवज्जो देते हैं और एक से ज्यादा रोमांटिक रिश्ते पसंद करते हैं। इसी तर्ज पर ओपन मैरिज का कॉन्सेप्ट कपल्स के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। ओपन मैरिज का चलन विदेशों में पहले से मौजूद था, लेकिन अब यह धीरे-धीरे भारत में भी लोकप्रिय हो रहा है।

**ओपन मैरिज में पार्टनर की रजामंदी है जरूरी:** ओपन मैरिज का सीधा मतलब यही है कि आप अपनी शादी के बाद भी दूसरे व्यक्ति के साथ रिश्ता बना सकते हैं और इसमें आपके पार्टनर की भी रजामंदी हो। लोगों का कहना है कि यह कॉन्सेप्ट इसलिए ट्रेंड में आया ताकि लोगों में कम से कम तलाक हो और वह एक-दूसरे से बोर भी न हों। अब इसे पढ़कर एक सवाल यही मन में आता है कि यह कॉन्सेप्ट भारतीय कपल्स में कैसे ट्रेंड कर रहा है, जहां शादी को सात जन्मों का बंधन माना जाता है।

**समाज के ढांचे को कैसे प्रभावित कर सकता है यह चलन:** इस कॉन्सेप्ट के आने से लोगों में शादी बस एक समझौता बनकर रह गया है। भारतीय समाज आज भी इस कॉन्सेप्ट को अपनाने के लिए तैयार नहीं है। ओपन मैरिज के आ जाने से भारत में लिव इन रिलेशनशिप का ट्रेंड भी बढ़ता जा रहा है और लोग शादी को बस एक खेल समझकर बैठ गए हैं।

## वर्ग पहेली 5630

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | ■ | 9 | | |
| | ■ | | | ■ | | ■ | |
| 10 | 11 | ■ | 12 | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | ■ | 18 | |
| ■ | 19 | | 20 | | ■ | | ■ |
| 21 | | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 13 सितंबर को इस भारतीय फिल्म गीतकार का निधन हुआ था.इस गीतकार ने 300 से अधिक फिल्मों के लिए 1500 से अधिक गीत लिखे (4)
5. शोभा से युक्त, श्रीमान (3)
8. किसी कार्य के लिए किसी का नाम नय किया जाना (4)
9. आसमान, अंबर, नभ, व्योम (3)
10. गीत-संगीत का सामंजस्य (2)
12. सादृश्य, संबंध सूचक अव्यय शास्त्रीय संगीत का एक मुख्य स्वर (1)
13. कीड़ों द्वारा निर्मित एकमात्र पदार्थ जो इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
15. जुड़वां, अश्विनी कुमार (3)
18. गाड़ी, बुनाई कर्म, वैन (2)
19. जो दूर हो गया (3)
21. किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने कर प्राप्त होने वाला गुणनफल धोखे में रखकर की जाने वाल बुराई (2)
22. घायल, जख्मी (2)
24. समझौता, संधि (2)
25. रदपट, अधर, ओष्ठ (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां पर बिना मां-बाप कि बच्चे रखे जाते है (5)
2. हल्का गीला, आंशिक आर्द्र (2)
3. फर्श आदि पर बिछाई जाने वाली छपी हुई चादर (3)
4. नदी का पुल्लिंगवाची शब्द (2)
5. कार्य का आरंभ, गौरी सुत, पार्वती नंदन (4)
6. काल गणना के अनुसार कल्प के चार उप-विभागों में से एक (2)
7. यह गोविंदा अभिनीत की पहली फिल्म थी (5)
11. यमराज के संदेश वाहक (4)
14. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारण होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
16. सोने के तार जिनसे कपड़े पर बेल-बूटे आदि बनाए जाते है (2)
17. पुत्र, बेटा (2)
20. पृथ्वी की ऊपरी सतह (2)
21. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
23. उस समय, उस वक्त (2)

### वर्ग पहेली 5629 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | रो | ज | गां | धी | ■ | आ | ■ |
| रा | ज | ■ | धी | र | ज | वा | ला |
| क | ■ | य | ■ | ज | ■ | ■ | ग |
| गो | म | ती | ■ | कु | द | र | त |
| र | ■ | मु | ल | मा | स | ■ | ■ |
| ख | ता | ■ | व | र | क | ■ | प |
| पु | र | खा | ■ | ■ | रो | द | ना |
| री | ना | रा | य | ■ | ड़ | ■ | ह |

# 7 विधायकों का इस्तीफा, केजरीवाल के लिए कितना बड़ा झटका है?

(पवन)

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका तब लगा जब शुक्रवार को सात विधायकों ने पार्टी को अलविदा कह दिया। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होनी है और उससे 5 दिन पहले एक के बाद एक धड़ाधड़ सात विधायकों का इस्तीफा निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजधानी के चुनाव नतीजों को प्रभावित कर सकता है। इन विधायकों के इस्तीफा देने का कितना असर चुनाव नतीजों पर होगा, इस पर बात करने से पहले यह जान लीजिए कि ये विधायक कौन हैं और ये पिछली बार किस सीट से चुनाव जीते थे। इन विधायकों में पालम से भावना गौड़, कस्तूरबा नगर से मदनलाल, त्रिलोकपुरी से रोहित महरौलिया, जनकपुरी से राजेश ऋषि, महरौली से नरेश यादव, आदर्श नगर से पवन शर्मा और बिजवासन से भूपिंदर सिंह जून का नाम शामिल है। इससे पहले भी कई नेता बीते महीनों में पार्टी छोड़ चुके हैं और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भी आम आदमी पार्टी के लिए सिरदर्द बन चुकी हैं।

**ताबड़तोड़ हमले कर रहे बीजेपी, कांग्रेस:** दिल्ली में आम आदमी पार्टी और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए यह चुनाव काफी मुश्किल माना जा रहा है। पिछले दो चुनाव में दिल्ली की राजनीति में लगभग एकतरफा जीत दर्ज करने वाले केजरीवाल इस चुनाव में बीजेपी के ताबड़तोड़ हमलों से परेशान दिखाई देते हैं। न सिर्फ बीजेपी बल्कि कांग्रेस भी उन पर पुरजोर ढंग से हमलावर है और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सीधे निशाने पर केजरीवाल हैं।

**राजधानी में चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया :** बीजेपी और कांग्रेस के धारदार हमलों का अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री आतिशी, पार्टी के तमाम बड़े नेता और सोशल मीडिया की टीम लगातार जवाब दे रही है और इसी दौरान वे चुनाव आयोग से भी जोर-आजमाइश कर रहे हैं। कुल मिलाकर इस वजह से राष्ट्रीय राजधानी में चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है।

**मोदी कर रहे आप की विदाई की अपील:** बीजेपी की ओर से चुनाव प्रचार की कमान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संभाली हुई है। प्रधानमंत्री आम आदमी पार्टी की सरकार को आप-दा की सरकार बताते हुए 5 फरवरी को दिल्ली से इसकी विदाई करने की अपील कई बार चुनावी रैलियों के मंच से कर चुके हैं। इसके अलावा पूरी दिल्ली में लगे होर्डिंग्स के जरिए और सोशल मीडिया पर विज्ञापनों के जरिए भी बीजेपी ने यही नारा दिया है- अब और नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।

**केजरीवाल ही हैं सर्वे-सर्वा:** आम आदमी पार्टी की दिल्ली की राजनीति के बारे में एक बात बिल्कुल साफ है कि अरविंद केजरीवाल ही यहां पार्टी के सबसे बड़े चेहरे हैं। 70 सीटों पर टिकट तय करना यानी कि किस सीट से कौन उम्मीदवार होगा, सरकार में कौन मंत्री होगा, किस मंत्री के पास क्या विभाग होंगे।

# आज का राशिफल

## मेष

आज भाग्य साथ देगा और आपकी तरक्की होगी। आपको मंगल उत्सवों में शामिल होने का मौका मिलेगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में आपको तरक?की के अवसर मिलेंगे। शाम को कारोबार में आपकी कोई खास डील फाइनल हो सकती है।

## वृष

आज करियर में लाभ होगा और आपका मन किसी शुभ कार्य में लगेगा। कहीं किसी किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय होने से मन काफी प्रसन्न होगा। स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं और आपको सफलता प्राप्त होगी।

## मिथुन

आज दिन काफी रचनात्मक है और आप बुद्धि के प्रयोग से जो भी काम करेंगे उसमें सफलता प्राप्त होगी। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपको मदद मिलेगी और आपकी तरक्की होगी।

## कर्क

आज भाग्य साथ देगा। दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और आपके घर में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

## सिंह

आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन आपको शुभ कार्य में हाथ आजमाने से लाभ होगा। आपको पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

## कन्या

आज हर काम में संयम और सावधानी रखने की सलाह है। वरना आपका कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें।

## तुला

आज लाभ से भरा होगा और आपको हर कार्य में किस्मत का साथ मिलेगा। आपका दिन लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। आप किसी नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकते हैं और उसमें आगे चलकर आपको मनचाही सफलता प्राप्त होगी।

## वृश्चिक

आज दिन आर्थिक मामलों में तरक?की से भरा होगा। रुपये-पैसे के मामले में दिन काफी मजबूत है और आपको मनचाही तरक्की मिलेगी। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके सम्?मान में वृद्धि के योग हैं और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

## धनु

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में भी आप हाथ आजमा सकते हैं और आपको मान सम्मान के साथ ही धन लाभ भी होगा और आपके लिए तरक?की के योग बन रहे हैं।

## मकर

आज दिन सामान्?य है और आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। पार्टनरशिप में किया जाने वाला काम आपको लाभ देगा और अच्?छा मुनाफा करवाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का सुनहरा मौका है। आपको संतान के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

## कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको सफलता प्राप्?त होगी। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझकर करें। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

## मीन

आज दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करने से आपको मनचाहा लाभ होगा। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा और आपके लिए लाभ के योग बने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा में रहो पर वोट मुझे दे दो; केजरीवाल ने डर दिखाकर की अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भाजपा समर्थकों से भी समर्थन की अपील की है। केजरीवाल ने कहा है कि भाजपा के समर्थक इस चुनाव में उन्हें वोट दें ताकि उनकी मुफ्त वाली सुविधाएं जारी रहें। पूर्व सीएम ने उन्हें इस बात का डर दिखाया कि यदि भाजपा की सरकार बन गई तो हर महीने उनकी हजारों रुपए की बचत बंद हो जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा, आज मैं भाजपा के समर्थकों से जरूरी बात करना चाहता हूं। कुछ दिन पहले भाजपा का एक कट्टर समर्थक मिला। गंदी सी स्माइल देकर बोला अरविंद जी आप हार गए तो आपका क्या होगा। मैंने भी मुस्कुराकर पूछा मेरी छोड़ो मैं हार गया तो तुम्हारा क्या होगा। वो सकपका गया। मैंने पूछा यह बताओ तुम्हारे बच्चे कहां पढ़ते हैं तो कहा सरकारी स्कूल में। मैंने पूछा कि सरकारी स्कूल कैसे हैं तो बोला कि अच्छे हो गए हैं। मैंने पूछा कि भाजपा शासित किस राज्य में अच्छे स्कूल हैं तो उसने कहा कहीं नहीं। मैंने कहा कि अगर मैं हार गया तो तेरे बच्चों का क्या होगा। दिल्ली के सरकारी स्कूल फिर से कबाड़ा हो जाएंगे। केजरीवाल ने इसी तरह बिजली को लेकर भी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में बिजली का बिल जीरो आता है और यूपी में हजारों। आप सुप्रीमो ने कहा, मैंने कहा कि यदि मैं हार गया तो दिल्ली में फ्री बिजली, फ्री पानी, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा सब बंद हो जाएंगे। कम से कम महीने की 25 हजार की चपत लगेगी। उसने कहा कि एक लाख सैलरी है उसमें भी गुजारा नहीं होता है तो मैंने कहा कि राजनीति भूल जाओ अपने परिवार की सोचो। यह सोचो कि केजरीवाल हार गया तो तुम्हारा क्या होगा। उसने कहा कि आपको वोट तो दूंगा तो लेकिन भाजपा नहीं छोड़ूंगा।

### मंदिरों में वीआईपी दर्शन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मंदिरों में शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन और कुछ खास वर्ग के लोगों को तरजीह देने की प्रथा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बारे में समाज और मंदिर प्रशासन को निर्णय लेना है, अदालत इसमें कुछ नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की। पीठ कहा कि हालांकि हमारी राय हो सकती है कि मंदिरों में वीआईपी दर्शन नहीं होने चाहिए। दर्शन के लिए किसी को विशेष सुविधाएं नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि इस मामले में संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत अदालत को अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करना चाहिए। पीठ ने मंदिरों में वीआईपी दर्शन, खास वर्ग को तरजीह और विशेष सुविधाएं देने की प्रथा पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। हालांकि पीठ ने साफ किया कि इस याचिका को खारिज करने से किसी भी सक्षम प्राधिकारों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मामले में कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका वृंदावन में श्रीराधा मदन मोहन मंदिर के सेवायत विजय किशोर गोस्वामी ने दाखिल की है। याचिका में कहा कि 12 ज्योतिर्लिंग होने के कारण कुछ मानक संचालन प्रक्रिया की आवश्यकता है और वीआईपी दर्शन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने पीठ से कहा कि विशेष दर्शन विशेषाधिकारों के लिए 400 से 500 रुपये के बीच शुल्क वसूलने से संपन्न भक्तों और असमर्थ लोगों, विशेष रूप से वंचित महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच विभाजन पैदा होता है।

### अतुल सुभाष की खुदकुशी मामले में पत्नी के रिश्तेदार को मिली अग्रिम जमानत, जानें कौन हैं

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु की एक दीवानी अदालत ने पत्नी एवं ससुरालवालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर चुके अतुल सुभाष की पत्नी के एक चाचा को अग्रिम जमानत दे दी है। मामले के चौथे आरोपी सुशील सिंघानिया को पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिल चुकी थी। अतुल सुभाष नौ दिसंबर, 2024 को बेंगलुरु में अपने आवास पर फांसी पर लटके हुए मिले थे। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले सुभाष का अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया के साथ तलाक और बच्चे की अभिरक्षा को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही थी। दोनों ने 2019 में शादी की थी। दोनों पति-पत्नी तीन सालों से एक-दूसरे से अलग रहे थे। इस दंपति का चार साल का बेटा है। अपनी मौत से पहले रिकॉर्ड किए गए 81 मिनट के वीडियो में और 24 पन्नों के सुसाइड नोट में सुभाष ने आरोप लगाया कि उसके ससुरालवालों ने तलाक की कार्यवाही के तहत तीन करोड़ रुपये की मांग की थी। सुभाष की मौत के बाद उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा सिंघानिया और उनके भाई अनुराग सिंघानिया को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जनवरी 2025 में बेंगलुरु की एक अदालत ने जमानत दी थी। बता दें कि अतुल सुभाष का शव दक्षिण पूर्व बेंगलुरु के मुन्नेकोलालू में उनके ही घर पर फांसी के फंदे से झूलता हुआ पाया गया था।

# विज के तेवरों से बैकफुट पर सैनी सरकार, कलेक्टर को हटाया; मंत्री बोले- हेलिकॉप्टर पर ही रहते हैं सीएम




**चंडीगढ़, एजेंसी।** ग्रीवेंस कमेटी में आदेशों की पालना नहीं होने, विधान सभा और चुनाव के दौरान हमला करवाने और चुनाव हराने की साजिश करने वाले अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं करने से अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले हरियाणा के सबसे वरिष्ठ मंत्री अनिल विज के तेवरों से नायब सैनी सरकार बैकफुट पर आ गई है। आज सरकार ने अंबाला के डीसी (कलेक्टर) पार्थ गुप्ता को हटाकर उनकी जगह अजय सिंह तोमर को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्थ गुप्ता को यमुनानगर का डीसी लगाया गया है। इसके साथ ही हरियाणा सरकार ने कुल आठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। वहीं आज सीधे-सीधे मुख्यमंत्री नायब सैनी को निशाने पर लेते हुए अनिल विज ने कहा कि जब से नायब सैनी मुख्यमंत्री बने हैं, हेलिकॉप्टर पर रहते हैं। अगर हेलिकॉप्टर से नीचे उतरेंगे तो लोगों के दुख-दर्द सुनेंगे।

**मेरे खिलाफ साजिश रचने वालों के पीछे किसी बड़े नेता का हाथ:** मंत्री अनिल विज ने एक बार फिर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोगों ने मुझे चुनाव हराने की कोशिश की थी लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी उन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव के दौरान मुझ पर हमला करवाया गया, मरवाने की कोशिश की गई। पहले मुझे शक था कि कोई बड़ा नेता इसके पीछे है लेकिन अब विश्वास है कि इस साजिश के पीछे कोई बड़ा नेता ही है। इसकी शिकायत मैंने हाईकमान से की थी लेकिन 100 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री सैनी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से नायब सैनी मुख्यमंत्री बने हैं, हेलिकॉप्टर पर रहते हैं। अगर हेलिकॉप्टर से नीचे उतरेंगे तो लोगों के दुख दर्द सुनेंगे।

**डल्लेवाल की तरह अनशन करने की दे डाली थी चेतावनी :** हरियाणा के बिजली एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कल दोटूक कह दिया कि वे अब ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में शामिल नहीं होंगे। विज ने कहा था कि इस मीटिंग में उनके दिए आदेश लागू नहीं किए जाते। कुछ दिन पहले अनिल विज ने अंबाला कैंट सदर थाने के एसएचओ को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे लेकिन इन पर अमल नहीं किया गया। गृह मंत्रालय मुख्य मंत्री नायब सैनी के पास ही है। विज के गृह जिले में ही उनके आदेश लागू न होने से वह आहत थे। उन्होंने यहां तक चेतावनी दी कि अगर जरूरत पड़ी तो वे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की तरह अनशन करने को भी तैयार हैं।

**इस बार नाम लेकर किया मुख्यमंत्री नायब सैनी पर सीधा हमला :** मनोहर लाल खट्टर की जगह पर जब नायब सैनी सीएम बने थे तो विज ने उनका विरोध किया था। वह चंडीगढ़ में विधायक दल की मीटिंग बीच में ही छोड़ कर अम्बाला चले गए थे। विज का कहना था कि वह सबसे वरिष्ठ नेता हैं और इस हिसाब से मुख्य मंत्री पद के दावेदार भी हैं। बाद में सैनी कैबिनेट में भी विज को शामिल नहीं किया गया था। हालांकि बाद में विधान सभा चुनाव में उन्हें अम्बाला कैंट से टिकट मिला था और वह अनिल विज सातवीं बार विधायक बने थे। इस बार उन्हें परिवहन और ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। अभी तक विज सीधे-सीधे किसी का नाम नहीं ले रहे थे लेकिन आज उन्होंने सीधे सीधे मुख्य मंत्री नायब सैनी का नाम लेकर निशाना साधा है। उनके बयानों से यह बात साफ हो गयी है कि सीएम नायब सिंह सैनी और उनमें सबकुछ ठीक नहीं है।

**मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले- अनिल विज हमारे नेता :** मंत्री अनिल विज के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तरह आंदोलन करने के पत्रकारों के सवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी टालते हुए नजर आए। रोहतक के जाट कॉलेज के मैदान में दीनबंधु सर छोटू राम की 144वीं जयंती समारोह में शिरकत करने आए मुख्य मंत्री नायब सैनी से जब पत्रकारों ने यह सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि अनिल विज हमारे नेता हैं।

## गाजियाबाद में गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में लगी आग, कई धमाकों से दहला पूरा इलाका



**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले के टीला मोड़ थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के दिल्ली-वजीराबाद रोड पर भोपुरा चौक पर एलपीजी गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में भीषण आग लग गई। इससे एक के बाद एक कई जोरदार धमाके हुए। सिलेंडर फटने से दो मकानों और तीन गाड़ियों में भी आग लग गई। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची गाजियाबाद पुलिस और दमकल की टीम ने तुरंत आसपास के घरों को खाली कराया। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। इस भीषण अग्निकांड में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग और धमाकों से आसपास भय और अफरा तफरी का माहौल रहा और ट्रैफिक भी बाधित रहा। ट्रक में आग कैसे लगी अभी यह पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, आज सुबह करीब 4: 35 बजे साहिबाबाद फायर स्टेशन पर भोपुरा चौराहे के पास भारत गैस कंपनी के एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रक में आग लगने और धमाके होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद साहिबाबाद और अन्य जगहों से दमकल की 10 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। धमाकों के चलते सिलेंडर इधर-उधर बिखर गए थे, जिससे 2 मकानों और 3-4 गाड़ियों में आग लग गई थी। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया गया है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## सम्मान से मरने का अधिकार, कर्नाटक सबसे पहले लागू करेगा सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक ऐसा पहला राज्य है जिसने गंभीर रूप से मरीजों के सम्मान से मरने के अधिकार पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लागू करने का आदेश जारी करने का ऐलान कर दिया है। कर्नाटक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडूराव ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लागू करने की घोषणा की। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2023 में फैसला सुनाया था कि अगर किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जीवनरक्षक दवाओं से भी फायदा नहीं मिल रहा है और उसमें सुधार की कोई उम्मीद नहीं है तो उसे सम्मानपूर्वक मरने का अधिकार दिया जा सकता है। गुरुवार को कर्नाटक सरकार ने अपने आदेश में कहा, कोई भी ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन ऐंड टिशूज ऐक्ट के तहत स्वीकृत न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, एनस्थेसिस्ट या फिर इंटेंसिविस्ट इस तरह की मौत के लिए बनाए गए सेकंड्री बोर्ड का सदस्य हो सकता है। सदस्यों का नामांकन डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि इस तरह के मामलों में दो बोर्ड बनाने होंगे। अस्पताल के स्तर पर एक प्राथमिक बोर्ड बनाया जाएगा। इसके अलावा जिले के स्तर पर एक सेकंड्री बोर्ड होगा।

# सुप्रीम कोर्ट जज का दावा: जस्टिस शेखर यादव बंद कमरे में मांग रहे थे माफी, बाहर निकलकर पलटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव ने एक कार्यक्रम में मुसलमानों के लिए कठमुल्ला शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा उन्होंने देश में बहुसंख्यकों के हिसाब से व्यवस्था चलने की बात कही थी। उनके इस बयान को लेकर जमकर विवाद हुआ तो सुप्रीम कोर्ट ने भी इसका संज्ञान लिया। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम के सामने जस्टिस यादव व्यक्तिगत तौर पर पेश हुए थे। इस बीच कॉलेजियम के मेंबर रहे जस्टिस ऋषिकेश रॉय ने कई अहम खुलासे किए हैं। उनका कहना है कि जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कॉलेजियम के साथ मीटिंग में कहा था कि मैं आप लोगों से माफी मांग लेता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आपसे माफी मांगने के लिए तैयार हूं। इस पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि बंद कमरे में माफी मांगने का कोई मतलब नहीं है। ऐसा आपको सार्वजनिक तौर पर करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट से 31 जनवरी को रिटायर होने वाले जस्टिस रॉय ने कहा कि जस्टिस शेखर कुमार यादव ने सार्वजनिक माफी की बात को मान लिया था। वह यह कहते हुए मीटिंग से निकले थे, लेकिन आज तक माफी की मांग नहीं की। यही नहीं उन्होंने तो अपने एक जवाब में यहां तक कहा था कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। जस्टिस रॉय ने कहा कि ऐसा लगता है कि बाद में उनका विचार बदल गया। पहले तो वह




सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए तैयार हो गए थे। जस्टिस ऋषिकेश रॉय ने उनके इस व्यवहार को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, ऐसा एक और वाकया हुआ था, जब एक जज ने ऐसा ही बयान दिया था। तब उन्होंने बाद में माफी मांग ली थी। जस्टिस यादव ने भी पब्लिक में माफी की बात कही, लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया है। अब चीफ जस्टिस ने इन-हाउस इन्क्वॉयरी शुरू की है। जस्टिस रॉय ने कहा, उन्होंने कॉलेजियम के सभी 5 जजों के सामने कहा था कि मैं आप सभी लोगों से माफी मांगता हूं। वह उस समय तैयार थे। लेकिन चीफ जस्टिस ने जब पब्लिक में माफी की मांग की तो वह तैयार हो गए। वहां से निकले तो फिर ऐसा नहीं किया। समान नागरिक संहिता पर एक भाषण देते हुए जस्टिस शेखर कुमार यादव ने विवादित बयान देते हुए कहा था कि देश का सिस्टम बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा। उन्होंने कहा था कि परिवार में आखिर जिस बात को ज्यादा लोग मानते हैं, वही होता है। इसके अलावा उन्होंने मुस्लिमों के लिए कठमुल्ला शब्द का इस्तेमाल किया था। इसी मामले पर उन्हें कॉलेजियम ने समन जारी किया था। बता दें कि जस्टिस शेखर यादव ने इश मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को जवाब दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि मैं अब भी अपने बयान पर कायम हूं।

# दूसरे के घरों में मांजती थीं बर्तन, वित्त मंत्री उनकी दी हुई साड़ी पहनकर पेश किया बजट

**नईदिल्ली/पटना, एजेंसी।** देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लगातार आठवीं बार देश का बजट पेश किया। उन्होंने आज जो साड़ी पहनी है उसकी चर्चा खूब हो रही है। आपको बता दें कि आज उन्होंने मिथिला पेंटिंग वाली साड़ी पहनी है। जेडीयू के राज्यसभा सांसद और अपनी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने खुशी जताते हुए कहा है कि जब हाल ही में वित्त मंत्री ने बिहार का दौरा किया था तो वह मधुबनी के सौराठ स्थित मिथिला पेंटिंग इंस्टीट्यूट भी पहुंची थीं। यहां उन्हें इस विधा की प्रसिद्ध कलाकार और पद्मश्री से सम्मानित दुलारी देवी ने यह साड़ी भेंट स्वरूप दी थी।



**मिथिला पेंटिंग बिहार के लिए शुभ संकेत :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मथिला पेंटिंग वाली साड़ी पहनकर चुनावी राज्य बिहार को एक संदेश देने की कोशिश की है। इसके अलावा, उनकी साड़ी पर की गई मिथिला पेंटिंग में पान, मखाना और मछली को दर्शाया गया है। यह तीनों ही मिथिला की पहचान है। आपको बता दें कि यहां किसी भी शुभ मौके पर इन तीनों की प्रधानता होती है।

दुलारी देवी मिथिला पेंटिंग की मशहूर कलाकार हैं। 2021 में उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था। वह बिहार के मधुबनी जिले के रांटी गांव की रहने वाली हैं। मधुबनी ने मिथिला पेंटिंग की दुनिया में कई मशहूर कलाकार दिए हैं। उनमें महासुंदरी देवी, गोदावरी दत्त, बौआ देवी जैसे नाम शामिल हैं। इन्हें भी पद्म पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

दुलारी देवी का जन्म एक मछुआरा परिवार में हुआ था। उनके घर में पढ़ने-लिखने की सुविधा नहीं थी। कम उम्र में ही उनकी शादी हो गई। बच्चे हो गए। पति के तानों से तंग आकर उन्होंने पति को छोड़ दिया। इसके बाद खेतों में मजदूरी और लोगों के घर झाड़ू-पोछा लगाकर अपना जीवनयापन किया। उन्होंने मिथिला पेंटिंग की मशहूर कलाकार कर्पूरी देवी के घर में भी काम किया। यहीं से उन्हें मिथिला पेंटिंग सीखने की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने महासुंदरी देवी से ट्रेनिंग ली।

## 26 नक्सली घटनाओं में शामिल 8 लाख की इनामी ममता ने किया सरेंडर, 6 अन्य ने भी डाले हथियार

**कांकेर, एजेंसी।** सुरक्षाबलों की सख्ती और वरिष्ठ नक्सलियों द्वारा शोषण से निराश होकर छत्तीसगढ़ के कांकेर में 7 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। इनमें हार्डकोर नक्सली ममता भी शामिल है, जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। वह 26 नक्सली घटनाओं में शामिल थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों पर कई हमलों में शामिल तीन महिलाओं सहित सात नक्सलियों ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में आत्मसमर्पण कर दिया। इन नक्सलियों पर कुल 32 लाख रुपए का इनाम घोषित था। कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) इंदिरा कल्याण एलेसेला ने कहा कि कैडरों ने खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा और वरिष्ठ नक्सलियों द्वारा शोषण का हवाला देते हुए यहां वरिष्ठ पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में से ममता उर्फ शांता उर्फ वासना बट्टुलाई (60), दिनेश मत्तामी (20) और आयतु राम पोटाई (27) पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्य तेलंगाना के करीमनगर जिले की रहने वाली ममता एक डिविजनल कमेटी सदस्य के रूप में सक्रिय थी। वह माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिविजन में



गैरकानूनी संगठन की अग्रणी शाखा %क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन% (केएएमएस) की प्रमुख थीं। 1996 से 2024 के बीच वह 26 नक्सली घटनाओं में शामिल थी। इसमें 2015 में पंचायत चुनाव के दौरान कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र में आईईडी विस्फोट भी शामिल था, जिसमें दो जवान मारे गए थे। वहीं, मत्तामी सैन्य कंपनी नंबर के सदस्य के रूप में सक्रिय था। पोटाई माओवादियों की 10 मिलिट्री कंपनी नंबर का सदस्य था। आत्मसमर्पण करने वाला एक अन्य कैडर जमुना उर्फ ??नीरा नेताम (50), परतापुर क्षेत्र समिति के सदस्य के रूप में सक्रिय थी।

# क्या है ऑपरेशन टाइगर? महाराष्ट्र में खूब हो रही चर्चा, उद्धव-शिंदे में सुलह के भी आसार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों ऑपरेशन टाइगर की चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि शिवसेना के शिंदे गुट द्वारा उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं को अपने पक्ष में लाने की कोशिश की जा रही है। यह ऑपरेशन खासकर शिवसेना नेता उदय सामंत के नेतृत्व में कांग्रेस और ठाकरे गुट के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क की खबरों के बाद और भी चर्चा में आ गया है। शिवसेना के इस ऑपरेशन टाइगर को लेकर राज्य की राजनीति में एक नई हलचल शुरू हो गई है। इस सबके बीच मंत्री संजय शिरसाट ने शिवसेना के दोनों गुटों के विलय को लेकर बड़ा बयान दिया है। एबीपी माझा को दिए एक इंटरव्यू में शिरसाट ने कहा कि दोनों शिवसेना दलों के बीच की खाई अब इतनी गहरी नहीं रही है और अगर अवसर मिला तो वह उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच सुलह कराने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह शिवसेना के विभाजन से बहुत दुखी हैं और अगर स्थिति अनुकूल रही तो वह दोनों दलों का विलय संभव मानते हैं। संजय शिरसाट का यह बयान राजनीतिक हलकों में काफी चर्चा का विषय बन गया है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि ठाकरे गुट इस पर क्या




प्रतिक्रिया देता है, क्योंकि यह बयान महाराष्ट्र की आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी असर डाल सकता है। एमवीए को झटका देने की तैयारी में महायुति महाराष्ट्र में हुए पिछले दो चुनावों के बाद से राजनीतिक स्थिति में भारी उथल-पुथल देखने को मिली है। नेताओं ने दल बदलने का सिलसिला जारी रखा। अब, सभी दल आगामी स्थानीय सरकार और नगर निगम चुनावों को लेकर अपनी-अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि महायुति में शामिल दलों ने महाविकास अघाड़ी को एक और झटका देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत महायुति के दलों द्वारा कांग्रेस और ठाकरे गुट से बड़े नेताओं को अपने दल में शामिल करने की होड़ मच गई है। एकनाथ शिंदे का ऑपरेशन टाइगर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ऑपरेशन टाइगर के तहत उद्धव ठाकरे की पार्टी के नेताओं को अपनी पार्टी में लाने की कोशिश तेज कर दी है। पुणे के हडपसर से पूर्व विधायक महादेव बाबर और कोथरुड से पूर्व विधायक चंद्रकांत मोकाटे के एकनाथ शिंदे से मुलाकात की खबरें आ रही हैं, जिनसे यह सवाल उठ रहा है कि क्या वे भी जल्द शिंदे गुट में शामिल होंगे। इसके अलावा, पूर्व कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने भी शिंदे से मुलाकात की है। हालांकि उन्होंने इसे सिर्फ व्यक्तिगत विकास कार्यों की चर्चा बताया और कहा कि वह फिलहाल कांग्रेस पार्टी में बने रहेंगे। इसके बावजूद रवींद्र धांगेकर के दलबदल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



## विराट कोहली को नहीं मिली दूसरी पारी, दिल्ली जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान आयुष बडोनी (99) और सुमित माथुर (86) शानदार पारियों के बाद शिवम शर्मा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दिल्ली ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन रेलवे को पारी और 19 रन से हरा दिया है। दिल्ली ने सात विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। रेलवे के गेंदबाजों ने आज दिल्ली की पारी को 374 स्कोर पर रोक दिया। दिन का पहला विकेट सिद्धांत शर्मा (18) के रूप में गिरा। सुमित माथुर (86) को हिमांशु सांगवान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद सांगवान ने मनी ग्रेवाल (0) को आउट कर दिल्ली की पारी का अंत कर दिया।



इसी के साथ दिल्ली को 133 रनों की बढ़त मिल गई। रेलवे की ओर से हिमांशु सांगवान ने 4 विकेट लिए। कुनाल यादव को 3 विकेट मिले। राहुल शर्मा, आयन चौधरी और कर्ण शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में कप्तान सूरज अहूजा (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें सिद्धांत शर्मा ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद शिवम शर्मा ने विवेक सिंह (12) और मोहम्मद सैफ (31) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# विराट को भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने के लिए डीडीसीए ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करिश्माई भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने 100 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि के लिए सम्मानित किया, यह उपलब्धि उन्होंने 2022 में हासिल की।

कोहली को शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे और दिल्ली के बीच चल रहे रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद सम्मानित किया गया। दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली ने मार्च 2022 में मोहाली के पीसीए स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ 100 टेस्ट मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की। पता चला है कि डीडीसीए की ओर से यह सम्मान दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के ठीक बाद दिया गया क्योंकि शासी निकाय के भीतर यह महसूस किया गया कि ऐसा करने का समय सही था, खासकर यह देखते हुए कि कोहली 12 साल से अधिक समय के बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे हैं। 36 वर्षीय कोहली को डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने शॉल और चांदी का स्मृति चिन्ह भेंट किया। सम्मान पैनल में अन्य सदस्यों में शीर्ष परिषद के सदस्य, निदेशक, बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सीके खन्ना और कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा शामिल थे। कोहली दिल्ली के उन तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने भारत के लिए 100 या उससे अधिक टेस्ट खेले हैं। दिल्ली के अन्य दो खिलाड़ियों में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा (105 टेस्ट) और दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग (104 टेस्ट) शामिल हैं। वर्तमान में, कोहली 12 साल से अधिक समय के बाद अपना पहला रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं, उन्होंने आखिरी बार नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ भारत की प्रतिष्ठित घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में खेला था। इस अवसर पर उत्साह और भी बढ़ गया क्योंकि उन्हें एक्शन में देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े। लेकिन कोहली उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान की गेंद पर महज छह रन बनाकर आउट हो गए।

मैच की बात करें तो कोहली के आउट होने के बाद दिल्ली ने वापसी की और दूसरे दिन का खेल 96 ओवर में 334/7 पर समाप्त हुआ तथा रेलवे पर 93 रन की बढ़त हासिल की। ??दिल्ली के कप्तान आयुष बदौनी ने 99 रन बनाए और शतक से एक रन से चूक गए, जबकि ऑलराउंडर सुमित माथुर 78 रन बनाकर नाबाद रहे।



## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम में फखर जमां और फहीम अशरफ की वापसी

**कराची , एजेंसी।** फ़ख़र ज़मां को चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है, जो अक्टूबर 2024 में एक सोशल मीडिया पोस्ट पर पीसीबी के साथ मतभेद के बाद उनकी पहली बार टीम में वापसी है। 2023 में पिछला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले फ़हीम अशरफ़ की भी टीम में वापसी हुई है। खुशदिल शाह और सउद शकील भी टीम में शामिल हैं। यही टीम चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए दक्षिण अफ़्रीका और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ वनडे त्रिकोणीय सीरीज़ भी खेलेगी।

केपटाउन टेस्ट के दौरान टखने के फ़्रैक्चर के कारण सईम अयूब अनुपलब्ध हैं। उस समय यह घोषणा की गई थी कि वह छह सप्ताह के लिए बाहर रहेंगे, लेकिन ऐसा माना जा रहा था कि चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए समय पर उनके ठीक होने की संभावना बेहद कम है। इससे पहले आज पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने पुष्टि की कि अयूब को वापसी करने में कम से कम चार सप्ताह का समय लगेगा। अब्दुल्लाह शफ़ीक़ की ख़राब फ़ॉर्म के कारण उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। दक्षिण अफ्रिका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई वनडे सीरीज़ में वह प्रत्येक मैच में शून्य पर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। इस सीरीज़ को पाकिस्तान ने 3-0 से जीता था। इसका मतलब है कि पाकिस्तान पूरी तरह से अलग ओपनिंग जोड़ी के साथ उतरेगा, जिसमें फ़ख़र, बाबर आज़म या सउद शकील के साथ जोड़ी बना सकते हैं। पीसीबी ने टेस्ट क्रिकेट में बाबर की सफलता को देखते हुए उनको ओपनिंग के लिए उपयुक्त समझा है।

चयन पैनल के सदस्य असद शफ़ीक़ के एक बयान में कहा गया, फ़ख़र का ओपनिंग जोड़ीदार या तो बाबर आज़म या सउद शकील हो सकते हैं, जो परिस्थितियों, विरोधी और मैच की रणनीति जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये दोनों खिलाड़ी टॉप ऑर्डर में बेहद सक्षम हैं। बाबर नियमित रूप से टी20 में ओपनिंग करते रहे और सईम अयूब की अनुपस्थिति में दो अर्धशतक बनाकर केपटाउन टेस्ट में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।

टीम ने अपने तेज़-तर्रार गेंदबाज़ी तत्व को भी बरक़रार रखा है, जिससे पाकिस्तान ने पिछले साल के अंत में विदेशी धरती पर लगातार तीन वनडे सीरीज़ जीती थी। शाहीन शाह अफ़रीदी, नसीम शाह, हारिस रउफ़ और मोहम्मद हसनैन सभी अंतिम 15 का हिस्सा हैं, अबरार अहमद के रूप में टीम में केवल एक विशेषज्ञ स्पिनर है। अपने पहले वनडे में चार विकेट लेने वाले सुफियान मुक़र्रम और चैंपियंस कप में अपनी टीम की कप्तानी करने वाले शादाब ख़ान को टीम में नहीं चुना गया है।



## शमी ने साहा को विदाई दी, कहा 'आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को क्रिकेट के खेल पर 'अमिट छाप' छोड़ने के लिए बधाई दी है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन साहा को उनके साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

शमी ने कहा, आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्टीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान, आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी! 141 प्रथम श्रेणी मैचों में, साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं। 40 वर्षीय साहा ने आखिरी बार दिसंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में भारत के लिए खेला था। अंतरराष्टीय स्तर पर, साहा ने 40 टेस्ट में भाग लिया, जिसमें 29.41 की औसत से 1,353 रन बनाए, साथ ही नौ वनडे भी खेले। हालांकि उन्होंने आईपीएल 2025 की नीलामी को छोड़ दिया, लेकिन साहा 2008 से हर आईपीएल सीज़न में खेले हैं। वह हाल ही में गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसने 2022 में खिताब जीता। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया है, जहां उन्होंने 2014 के फाइनल में शतक बनाया था।

### इंग्लैंड के साथ खुलेआम चीटिंग?

## जॉस बटलर ने उठाए कनकशन सब्सटीट्यूट पर सवाल

**पुणे, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने पुणे टी20 जीत लिया और इसके साथ ही सीरीज भी उसके नाम हो गई. हालांकि पुणे में हार के बाद एक बड़ा बवाल खड़ा हो गया है. ये विवाद कनकशन सब्सटीट्यूट को लेकर हुआ है जिससे इंग्लैंड की टीम को हार तक झेलनी पड़ी. इसी कनकशन सब्सटीट्यूट पर इंग्लिश कप्तान जॉट बटलर ने बड़ी बात कही है. जॉस बटलर ने कहा कि वो पुणे टी20 में इस्तेमाल हुए कनकशन सब्सटीट्यूट से सहमत नहीं हैं. उनके मुताबिक इसमें गलती हुई और उन्होंने सीधे तौर पर मैच रेफरी के फैसले पर सवाल खड़े कर दिए. आइए आपको बताते हैं कि जॉस बटलर ने आखिर कहा क्या?



पुणे टी20 में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए. जहां मीडिया से बातचीत में उन्होंने कनकशन सब्सटीट्यूट पर हुए फैसले पर सवाल खड़े किए. उनके मुताबिक मैच रेफरी का फैसला सही नहीं था. दरअसल भारतीय पारी के दौरान आखिरी ओवर में शिवम दुबे के हेलमेट पर गेंद लग गई.

### इंडिया-इंग्लैंडः

## कनकशन सब्सटीट्यूट हर्षित राणा ने रचा इतिहास और ऐसा करने वाले पहले बॉलर बने, शिवम दुबे बने प्लेयर ऑफ द मैच

**पुणे, एजेंसी।** भारत ने पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में इंग्लैंड को 15 रन से हरा दिया। भारत ने ये सीरीज अब 3-1 से जीत ली है, हालांकि एक मैच अभी खेला जाना शेष है।

इस मैच में हर्षित राणा को शिवम दुबे के कनकशन सब्सटीट्यूट के रूप में मैच के बीच में शामिल किया गया था और उस पर कुछ विवाद भी खड़ा हुआ, लेकिन हर्षित ने अपने डेब्यू को यादगार बना दिया और भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

**कनकशन सब्सटीट्यूट के रूप में टी-20 में डेब्यू करने वाले दुनिया के पहले बॉलर बने राणाः** पुणे में खेले गए मैच में हर्षित राणा को कनकशन सब्सटीट्यूट के रूप में तब लाया गया था जब शिवम दूबे जेमी ओवरटन की बाउंसर से सिर में चोट लगने के बाद दूसरी पारी में मैदान पर नहीं उतर सके थे। हर्षित राणा



अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सबसे युवा तेज गेंदबाज बने साथ ही साथ वो कनकशन सब्सटीट्यूट के रूप में ञ्20द्ध में डेब्यू करने वाले दुनिया के पहले बॉलर भी बन गए।

हर्षित राणा ने अपने टी20 इंटरनेशनल डेब्यू पर शानदार गेंबदाजी की और उन्होंने लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल और जेमी ओवरटन के विकेट चटकाए।

### हर्षित राणा ने लिए 3 विकेट

इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू टी20 मैच में राणा ने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। यही नहीं वो भारत की तरफ से युजवेंद्र चहल के बाद कनकशन सब्सटीट्यूट के तौर पर मैदान में उतरने के बाद 3 विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में हर्षित राणा ने कहा कि यह उनके लिए ड्रीम डेब्यू था। उन्होंने यह भी बताया कि दूसरी पारी के दूसरे ओवर में उन्हें बताया गया कि वह कनकशन सब्सटीट्यूट होंगे। मैं लंबे समय से एक मौके का इंतजार कर रहा था और मैं यह साबित करना चाहता था कि मैं यहां का हकदार हूँ। मैंने आईपीएल में अच्छी गेंदबाजी की है और यहां भी मैंने उसी तरह का प्रदर्शन किया।



### नेशनल गेम्सः

## मणिपुर की बिंद्यारानी देवी ने जीता स्वर्ण पदक

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंद्यारानी ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर मीराबाई चानू का 86 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा। मणिपुर की स्टार भारोत्तोलक एस बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रीय खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग के स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

मीराबाई चानू का रिकॉर्ड तोड़ा

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंद्यारानी ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर मीराबाई चानू का 86 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा। मीराबाई का पसंदीदा वजन वर्ग हालांकि 49 किग्रा है और उन्होंने कुछ समय के लिए 55 किग्रा में भाग लिया था।

### 201 किग्रा वजन उठाया

बिंद्यारानी का दबदबा क्लीन एवं जर्क में भी जारी रहा, जहां उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 113 किग्रा वजन उठाकर वापसी की। इस तरह से उन्होंने कुल 201 किग्रा वजन उठाया जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड 202 किग्रा से सिर्फ एक किलोग्राम कम है। बिंद्यारानी के नाम पर अब महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में तीनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल योग दर्ज हैं। बंगाल की शरबानी दास ने रजत पदक जबकि मणिपुर की नीलम देवी ने कांस्य पदक जीता। इस तरह से मणिपुर इस स्पर्धा में दो पदक हासिल करने में सफल रहा।

### 87वां टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज

# गुकेश की पाँचवीं जीत , एकल बढ़त कायम



**विज्क आन जी, नीदरलैंड, एजेंसी।** 87वें विज्क आन जी टाटा स्टील मास्टर्स सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट के दसवें दौर के मुक़ाबले के बाद मौजूदा विश्व चैम्पियन भारत के डी गुकेश नें अपनी एकल बढ़त को बरकरार रखा है , गुकेश नें काले मोहरो से पिर्क ओपनिंग खेलते हुए नीदरलैंड के मैक्स वरमेरदम के खिलाफ फिर एक बार शानदार बाजी खेलते हुए जीत दर्ज की , सबसे खास बात गुकेश महत्वपूर्ण मौको पर सटीक चाल खेल रहे है और पिछले छह मुकाबलों में गुकेश की यह चौंथी जीत रही ।

अब जबकि सिर्फ तीन राउंड बाकी है देखना होगा की क्या विश्व चैम्पियन के तौर पर गुकेश अपना पहला खिताब हासिल कर पाएंगे , फिलहाल गुकेश 7.5 अंक बनाकर सबसे आगे है । हालांकि गुकेश के ठीक पीछे उनके चिर प्रतिद्वंदी उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक बने हुए है , उन्होने इस राउंड में एक बेहद मुश्किल लग रही बाजी में वापसी करते हुए सर्बिया के अलेक्सी सराना को मात देते हुए 7 अंको के साथ अपना दूसरा स्थान कायम रखा है । वहीं भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें पिछले राउंड में मिली हार के बाद वापसी करते हुए इस राउंड में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव को पराजित किया और अब वह 6.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर पहुँच गए है । अन्य चार बाजियाँ बेनतीजा रही , भारत के अर्जुन एरीगैसी से जर्मनी के विन्सेंट केमर नें , यूएसए के फबियानों करूआना से भारत के पेंटाला हरीकृष्णा नें , नीदरलैंड के अनीश गिरि से भारत के लियॉन मेंदोंसा नें और चीन के वे यी नें नीदरलैंड के जॉर्डन फॉरेस्ट से ड्रॉ खेला । अब एक दिन के विश्राम के बाद बाकी के मुक़ाबले खेले जाएँगे ।

## श्रीलंका टीम गॉल टेस्ट पारी और 242 रन से हारी

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे; लायन-कुह्नेमन को 4-4 विकेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को पारी और 242 रन से हरा दिया। कंगारू टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन पहले सेशन में श्रीलंका की टीम पहली पारी में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया 654/6 के स्कोर पर अपनी पहली पारी डिक्लेयर की थी। इस तरह श्रीलंका 489 रन से पीछे रहते हुए फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर हो गई और टीम दूसरी पारी में भी 247 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया से नाथन लायन और मैथ्यु कुह्नेमन ने 4-4 विकेट लिए। नाथन लायन के हाथ भी एक सफलता आई। मिचेल स्टार्क और टॉड मर्फी को 1-



1 विकेट मिला। तीसरे दिन लंच के बाद खेल नहीं हो सका मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने 44/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने लंच तक 5 विकेट खोकर 136 रन बनाए, फिर बारिश आ गई और लंच के बाद खेल शुरू नहीं हो सका। नंबर-3 पर उतरे दिनेश चांदीमल 63 रन बनाकर कुसल मेंडिस के साथ नॉटआउट रहे।

# जेके सीमेंट कंपनी में हुए हादसे को लेकर कांग्रेस पार्टी नें अमानगंज में किया प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

## सिमरिया के मृतक रोहित खरे के परिवार को दस हजार की दी सहायता राशि

**पन्ना।** बीते तीस जनवरी को सिमरिया तहसील अन्तर्गत पुरैना मे स्थित जेके सीमेंट कंपनी की पांचवी मंजिल बनाते हुए स्लोप छत ढह गई, जिसमें काम कर रहे मजदूर नीचे गिरे तथा चार लोगो की मौत हो गई, एवं दो दर्जन मजदूर बुरी तरह घायल हो गये, जिनका ईलाज कटनी स्थित निजी चिकित्सालयों में चल रहा है, उक्त बड़ी लापरवाही को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के नेत्रत्व मे महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार अमानगंज को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजा पटैरिया, तथा पूर्व विधायक एवं पन्ना जिला प्रवारी श्रीमती कल्पना वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही। ज्ञापन में जिन बिन्दुओ को शामिल किया गया है, उसमे प्रमुख रूप से कर्मचारीयों का पूरा डाटा उपलब्ध कराये, एवं पीड़ित म्रतक परिवारो को 50 लाख तथा घायल परिवारो को 25 लाख रूपये सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई है, साथ ही म्रतको के परिवार के सदस्यो को नोकरी दिलाये जाने की भी मांग की गई है। एवं मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर जिम्मेवारो पर कठोर कार्यवाही किये जाने का



अनुरोध कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा अमानगंज ब्लाक मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए तहसील तक रैली निकाली तथा भाजपा सरकार, सांसद वीडी शर्मा, कलेक्टर पन्ना एवं जेके सेम प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई है। उक्त प्रदर्शन में भारी संख्या में कांग्रसे पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत, पन्ना अक्षय तिवारी, देवेन्द्र नगर आनन्द शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमानगंज सौरभ दुबे, जीवन लाल सिद्धार्थ, रावेन्द्र सिंह मुन्ना राजा, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हक्कून दहायत, डॉक्टर कदीर खान, भगवत सिंह, वैभव थापक, रेहान मोहम्मद, सेवा लाल पटेल, राम बहादुर द्विवेदी, राजबहादुर पटेल, संजय पटेल, विजय सिंह, राम करण पान्डेय, कमल राजपूत, अंकित शर्मा, जीतेन्द्र जाटव, सौरभ पटैरिया, श्रवण तिवारी, धूराम चौधरी, शनि राजा, केशरी अहिरवार, फोई लाल चौधरी, सुन्दरम गर्ग, भगवत सिंह, कामता नगायच, विजय सिंह, संजय तिवारी, सरदार यादव, बाल गोविन्द शर्मा, अनीश खान, वीरेन्द्र गर्ग, नीरज खरे, मोहित यादव, संतोष, पुष्पेन्द्र सोनी, कन्हैया ताम्रकार, दिनेश पान्डेय, राम नारायण अग्नित्री, कुलदीप सिंह, अवधेश प्रताप, सुरेन्द्र तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, चन्द्रभान, बृजेन्द्र सिंह बुन्देला, रामलाल, भगवत राजा, उमेश गुप्ता, राम मिलन चौधरी, बाल गोविन्द पटेल, रूपेन्द्र द्विवेदी, ओमप्रकाश अहिरवार, मनोज पान्डेय,ख् पुष्पेन्द्र सोनी, वसीम खान, दीपक तिवारी, श्रजल ताम्रकार, मोहित यादव, अनुज श्रीवास सहित भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन के पश्चात् कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वंय के सहयोग से म्रतक रोहित खरे, के परिवार को दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता देते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## 10 फरवरी तक बंद रहेगी जन्म तिथि, आधार और समग्र आईडी में सुधार की सेवा

**पन्ना।** जिला लोक सेवा प्रबंधक पंकज शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया है कि एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र में जन्म तिथि, आधार और समग्र आईडी में सुधार करने वाली सेवा 31 जनवरी की रात्रि से 10 फरवरी रात्रि तक पूर्णतः बंद रहेगी। साथ ही पोर्टल का नए इन्फ्रा एसडीसी 2.0 पर माइग्रेशन के कारण 4 से 10 फरवरी की रात्रि तक पोर्टल के माध्यम से लोक सेवा केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य समस्त सेवाएं भी बाधित रहेंगी।

## हिनौती बेली में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम 23 फरवरी को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह कार्यक्रम अंतर्गत गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हिनौती बेली स्थित मढ़ेश्वर मंदिर परिसर में आगामी 23 फरवरी को गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह संपन्न होंगे। इस संबंध में नगर परिषद गुनौर एवं अमानगंज के सीएमओ तथा जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के सचिव एवं सहायक सचिव को आवेदन एवं पंजीयन सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। पात्र कन्याओं के विवाह के आवेदन जनपद पंचायत कार्यालय गुनौर में 15 फरवरी तक जमा किए जाएंगे।

# आबकारी टीम ने की कार्यवाही, 83 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ाया एक आरोपी



पन्ना

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में आबकारी टीम ने ग्राम बड़ी गुखोर में कार्यवाही कर एक आरोपी के कब्जे से 350 पाव देशी शराब प्लेन और 20 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब जप्त की। इसकी अनुमानित कीमत 27 हजार 500 रुपए है। बड़ी गुखोर में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के पीछे बाड़े में भारी मात्रा में अवैध शराब छुपाकर रखने की सूचना एवं पुष्टि उपरांत आबकारी वृत्त पन्ना के स्टाफ द्वारा ग्राम गुखोर थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी जयकुमार कुशवाहा के रिहायशी मकान सह दुकान और उससे लगे परिसर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के खेत से लगे बाड़े में धान की पयार के ढेर में छुपाकर सात कागज के कार्टून में 350 पाव देशी शराब प्लेन कुल मात्रा 63 बल्क लीटर कीमती 24 हजार 500 रुपए और दो प्लास्टिक के डिब्बों में लगभग 20 लीटर हाथभट्टी महुये की कच्ची शराब बरामद की गयी। आरोपी द्वारा उक्त शराब के संबंध कोई वैध परमिट या लायसेंस के बारे में नहीं बताया गया।

इस पर टीम द्वारा 50 बल्क लीटर से अधिक शराब होने से मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 49(क) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से आरोपी को जिला जेल पन्ना भेज दिया गया। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी के विरुद्ध न केवल पुलिस थाना देवेन्द्रनगर बल्कि सिंहपुर वन परिक्षेत्र जिला सतना, सिटी कोतवाली आजमगढ़ (उप्र), हाजीपुर, दानापुर और बक्सर (बिहार), बराकर जिला पश्चिमी वर्धमान (पश्चिम बंगाल) में पहले से ही कई प्रकरण दर्ज हैं। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, सोनू कोरकू, रविप्रकाश मिश्रा, महिला नगर सैनिक कौशल्या बाई, नगर सैनिक वीरेन्द्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटुलाल और सोहेल खान भी शामिल रहे।

# प्राईवेट स्कूल एशोसिएशन द्वारा आयुक्त के नाम सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यायलयों की मान्यता के संबंध में अनेक प्रकार के नियम कानून जोड़े गये है, जिसको लेकर प्रदेश भर में प्राईवेट स्कूल एशोसिएशन संघ के द्वारा आयुक्त के नाम ज्ञापन देकर नियमो के बदलाव करने की मांग की गई है। इसी कड़ी में पन्ना जिला प्राईवेट स्कूल एशोसिएशन द्वारा भी ज्ञापन दिया गया है। उक्त ज्ञापन डीपीसी को सौपते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। प्रमुख बिन्दु माध्यमिक खंड के जो विद्यालय है, उक्त विद्यालयों के नवीनी करण रजिस्टर्ड किराया नामा का अतिरिक्त भार थोपा गया है उसे वापिस लिया जाये। आरटीई अधिनियम में एफडीआर व्यवस्था नहीं है, जिसे लागू न किया जाये, रजिस्टर्ड किराया नामा की बाद्धता समाप्त किया जाये।

आरटीई राशि का भुगतान एक्ट प्रावधान के अनुसार सत्र समाप्ति तक किया जावे। लेट फीस के नाम पर राशि वसूली बंद की जाये। उक्त तमाम बिन्दुओ को लेकर ज्ञापन दिया गया है। जिसमें जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव सहित जिले के अनेक निजी विद्यालयों के संचालक शामिल रहें।

## नाली निर्माण के विवाद में गोली चलाने का मामला, सरपंच पति का कोर्ट में सरेंडर

**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र के पिथौराबाद गांव में नाली निर्माण के विवाद पर सरपंच पति और उसके साथियों द्वारा गाली-गलौज कर कट्टे से फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में फरार आरोपी सरपंच पति विपिन जायसवाल उर्फ पिंटू पिता अमृतलाल जायसवाल की पुलिस तलाश करती रही और आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। न्यायालय से पुलिस ने आरोपी को एक दिन की रिमांड में लेकर वारदात में प्रयुक्त 12 बोर की बंदूक बरामद कर कार क्रमांक एमपी 19 सीडी को भी जब्त कर लिया।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुई कैरियर मार्गदर्शन पाठशाला

पन्ना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर कैरियर मार्गदर्शन पाठशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि, कौशल और दक्षता अनुसार कैरियर चुनाव के बारे में बताया गया तथा अपनी क्षमता का आकलन करके सही कैरियर चुनाव की सलाह दी गई।



कार्यक्रम में उपस्थित पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक एवं वर्ष 2010 की भारतीय वन सेवा अधिकारी अंजना सुचिता तिर्की ने विद्यार्थियों से संवाद कर अपने जीवन के उतार चढ़ाव व संघर्षों को विद्यार्थियों से साझा किया। साथ ही कक्षा 7वीं में अध्ययन के दौरान शिक्षक द्वारा पूछे गए सवाल कि आप क्या बनाना चाहते हैं। इसके बारे में उन्होंने बताया था कि वह समाज में शांति, सौहार्द्र एवं प्रेम स्थापित करना चाहती हैं। क्षेत्र संचालक ने बताया कि उस समय मेरे द्वारा कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में बच्चों और छात्रों के लिए कैरियर का चुनाव एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल उनके भविष्य को आकार देता है, बल्कि उनकी रुचियों, क्षमताओं और सपनों को भी साकार करता है। सही व उचित कैरियर चुनाव से विद्यार्थी अपने जीवन में संतुष्टि, सफलता और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए पूरी तन्मयता और लगन के साथ जुटना चाहिए। बच्चों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि श्रम की प्रतिष्ठा को बनाए रखना आवश्यक है। इस दौरान प्रशासनिक सेवा में निर्णयन क्षमता के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। साथ ही शिक्षा के उद्देश्य, चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी, लक्ष्य निर्धारण में सावधानी, व्यक्तिगत और प्रोफेशनल जीवन के बीच सामंजस्य स्थापित करने के बारे में भी सारगर्भित जानकारी दी गई। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा क्षेत्र संचालक को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया गया।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य लेंगे बैठक

**पन्ना।** म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सदस्य ऋषी कुमार यादव सोमवार, 3 फरवरी को चित्रकूट से प्रस्थान कर पन्ना आएंगे। आयोग सदस्य श्री यादव 4 फरवरी को पन्ना में जिला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा शासन व पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं की जानकारी के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा कर शाम 4 बजे मुरैना प्रस्थान करेंगे।

# नहर की मिट्टी धसने से ग्रामीण की मौत का मामला, 50 लाख रुपए के मुआवजे को लेकर 22 घंटे तक चला हंगामा

सतना

रामनगर थाना क्षेत्र के नौगांव नम्बर-4 में बाणसागर की बहुती नहर निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से नौगांव नम्बर-4 निवासी बैजनाथ यादव 55 वर्ष की मौत के मामले में आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने शव रखकर 50 लाख रुपए के मुआवजे की मांग को लेकर 22 घंटे तक हंगामा किया। स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की समझाइश के बाद भी जब बात नहीं बनी तो शुक्रवार को सुबह मैहर कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने मोर्चा संभाला।

कलेक्टर और एसपी द्वारा तकरीबन 3 घंटे की समझाइश के बाद आखिरकार नहर निर्माण कर रही मेन्टाना कम्पनी ने परिजनों को 4 लाख रुपए और जिला प्रशासन द्वारा शासकीय योजना के तहत इतनी ही राशि दिए जाने के आश्वासन के बाद शाम तकरीबन साढ़े 3 बजे प्रदर्शन शांत हुआ। मामला शांत होने पर पोस्टमार्टम



के बाद शव का अंमित संस्कार हुआ। बताया गया है कि घटना पर राज्य मानव अधिकार आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया है। आयोग ने कार्यवाही का प्रतिवेदन भी तलब किया है।

उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी को मेन्टाना कम्पनी के कर्मचारी नहर का काम कर रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 4 बजे नौगांव नम्बर-4 निवासी बैजनाथ यादव 55 वर्ष भी अपने गाय-बकरी लेकर निर्माण स्थल के पास पहुंच गया और ठेकेदार के साथ बात करने लगा। इसी दौरान नहर की मिट्टी अचानक धंस गई, जिसमें बैजनाथ समेत कम्पनी का कैम्पर वाहन और कई कर्मचारी भी दब गए थे।

ठेका कम्पनी के लोगों ने पोकलेन मशीन लगाकर मलबा हटाते हुए गाड़ी और अपने कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया था, लेकिन बैजनाथ को बचाने की कोशिश नहीं की थी। काफी जद्दोजहद के बाद मलबा हटाकर बैजनाथ को बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने कंपनी के कैंप में धावा बोलकर वाहनों में तोडफ़ोड़ कर दी थी।

## मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला 5 फरवरी को

**पन्ना।** एमडीए कार्यक्रम अंतर्गत आगामी 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार, 5 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग के आईपीडीपी सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से मीडिया एडवोकेसी कार्यशाला आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने समस्त मीडिया प्रतिनिधियों से कार्यशाला में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# हजरत साफिया मदरसे में शान से लहराया तिरंगा, बच्चो ने निकाली रैली

**पन्ना।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जामिया उममुल मोमिनीन हजरत सफिया रजियल्लाहु अन्हा मदरसे धाम मोहल्ले में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जामा मस्जिद के सदर सैयद सलमान मारूफ और शहर काजी मौलाना मोइज्जोद्दीन नदवी ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले नगर में मदरसे के बच्चों ने रैली निकाली और देश भक्ति के तराने गाए। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर गीत के माध्यम से गाये, हाफिज रमजान और हाफिज गुफरान ने देशभक्ति का ज?बा जगाया। शहर काजी मौलाना मुईज्जोद्दीन नदवी ने अपनी तकरीर में भाईचारे, अमन-चैन और राष्ट्रीय एकता पर जोर देते हुए कहा, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा और हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में हैं सब भाई-भाई। इसके साथ ही उन्होंने देश की खुशहाली और अमन-शांति के लिए दुआएं भी की। कार्यक्रम में संविधान के महत्व और देश को आगे ब?ने में सभी नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। तथा गांधी चौक पंहुचकर बापू की प्रतिमा पर माल्यपर्ण किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक एवं विद्वान उपस्थित रहे। जिनमें एडवोकेट इस्माइल खान, इकबाल पठान, शमीम सुनी, खाली सिद्दीकी, मकबूल भाई, तजमुल हुसैन, मुफ्ती अब्दुल अजीज, मौलाना फारूक, मौलाना सिराजुल हसन, मौलाना अब्दुल रब, मौलाना शरीफ उद्दीन, हाफिज सैफुद्दीन, हाफिज मामूर, अशफाक हुसैन, नफीस अहमद, इमरान भाई उर्फ लल्लू, उमैर अहमद, काजी नसरुद्दीन, मुजम्मिल हुसैन, अतीक अहमद, रईस अहमद सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे।

## माधव पैरामेडिकल कालेज में वार्षिक उत्सव संपन्न

**पन्ना।** माधव पैरामेडिकल कालेज पन्ना में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे, जिनके द्वारा दीप प्रज्जलत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् उपस्थित छात्र छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसे देखकर उपस्थित दर्शको का प्रफुल्लित हुए, उक्त कार्यक्रम में अनेक लोग उपस्थित रहें। सन्तोष यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष मीना पाण्डे नगर पालिका अध्यक्ष आशा गुप्ता नगर पालिका उपाध्यक्ष भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता प्राचार्य डा आर आर दुबेंदी एम डी मेडिसिन माधव पैरामेडिकल कालेज आयोजक संजय खरे दिनेश गोस्वामी छोटेलाल साहू विनोद मिश्रा सन्तोष गुप्ता अभिषेक श्रीवास्तव त्यागी फूल सिंह भारती विनोद जाडिया दीपेश व्यास रवि तिवारी पटेल तथा समस्त माधव पैरामेडिकल कालेज स्टाप छात्र छात्राओं की उपस्थिती रही।

# सुधीर अग्रवाल बने वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष

## कार्यकर्ताओं और सामाजिक बंधुओं ने दी शुभकामनाएं

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश वेयर हाउस लॉजिस्टिंग कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन सुधीर अग्रवाल को वैश्य महासम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से संगठन में खुशी का माहौल बताया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण घोषणा महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमेटी बैठक में की गई। सुधीर अग्रवाल को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से न केवल संगठन में नया उत्साह आया है, बल्कि समाज के हर वर्ग में एक सकारात्मक माहौल भी बना है। अपने नए दायित्व को स्वीकार करते हुए सुधीर अग्रवाल ने कहा, ष्पद कोई मायने नहीं रखता, कार्य मायने रखता है। मेरी समाज का हर बच्चा, हर व्यक्ति, हर सदस्य मेरे लिए प्रदेश अध्यक्ष के बराबर है। सभी का सम्मान और ताकत एक जैसी है। हम सभी मिलकर काम करेंगे और समाज की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से अपना कार्य करेंगे।ष् उन्होंने आगे कहा कि, ष्हमारा उद्देश्य संगठन को और मजबूत करना है, इसके लिए हमारी परस्पर संपर्क और संवाद जितना ज्यादा होगा, संगठन का विस्तार उतना ही होगा। उनकी यह बातें यह स्पष्ट करती हैं कि उनका नेतृत्व सिर्फ एक पद तक सीमित नहीं है, बल्कि वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से सम्मान देते हैं और उन्हें साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। आगे कहा कि संगठन के आरंभ से लेकर आज तक उमाशंकर गुप्ता मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पर्याय



रहे हैं, और आगे भी उनके मार्गदर्शन में संगठन की प्रत्येक गतिविधि और निर्णय संभव होंगे। श्री अग्रवाल के प्रदेष अध्यक्ष बनने पर वैस्य महासम्मेलन मनोज केशरवानी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी कैलाश मोदी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष महिला इकाई आशा गुप्ता, महिला इकाई जिला अध्यक्ष मंजू लता जैन, नगर अध्यक्ष आशू जैन, युवा जिला इकाई अध्यक्ष डॉक्टर राकेश सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष गुड्डे चिरौलिया, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रवि शंकर मोदी, गहोई समाज जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेश खेरहा, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल बरसईयां, पन्ना तहसील अध्यक्ष शैलेश प्रताप साहू, जिला महिला इकाई प्रभारी आशा साहू, महिला इकाई नगर अध्यक्ष सुमन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता (अजयगढ़), जिला उपाध्यक्ष जगदीश जड़िया, अनिल कंथारिया तहसील अध्यक्ष अमानगंज नीरज बड़ेरिया प्रभारी, अजीत जैन पवई तहसील अध्यक्ष, सत्येंद्र त्रिसोलिया तहसील अध्यक्ष शाहनगर बृजेश जैन प्रभारी, धर्मेंद्र अवधिया तहसील अध्यक्ष गुनौर राजकुमार सोनी प्रभारी, सौरभ अग्रवाल तहसील अध्यक्ष सिमरिया सोनू अग्रवाल प्रभारी, प्रियेस अग्रवाल तहसील अध्यक्ष रैपुरा उमेश सोनी तहसील प्रभारी, रमेश गुप्ता तहसील अध्यक्ष अजयगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष संजय गुप्ता, डॉक्टर प्रमोद जैन देवेंद्रनगर तहसील अध्यक्ष, विनोद अग्रवाल महामंत्री, युवा इकाई तहसील अध्यक्ष ललित गुप्ता, जितेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, रूपेश मोदी, राकेश गुप्ता, डॉक्टर संजय सोनी, दिलीप गुप्ता, डॉक्टर अमित सिंघाई, सुन्नू गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राहुल जैन बृजपुर, मुरारी गुप्ता, रामहित साहू, नरेंद्र जैन, डॉक्टर सन्मति जैन, विकास चौरसिया तहसील प्रभारी, कैलाश गुप्ता (गब्बर), संदेश अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, रविवार 02 फरवरी 2025



रीवा में 23 अक्टूबर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईटी पार्क का भूमिपूजन किया था। कालेज चौराहे के समीप आईटी पार्क का निर्माण शुरू हो गया है।



## केंद्रीय बजट समावेशी और प्रगतिशील : उप मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण के प्रति व्यक्त किया आभार

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को समावेशी और प्रगतिशील केंद्रीय बजट (वर्ष 2025-26) प्रस्तुत करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह बजट भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना और कर सुधारों में व्यापक कदम उठाए गए हैं, जो सभी वर्गों को लाभान्वित करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट प्रावधानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उन्नत चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बजट में वृद्धि से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। मेडिकल डिवाइस पार्क और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन से राज्य के अस्पतालों में अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए विशेष केंद्रों की स्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई प्राप्त होगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स फ्री करना एक दूरदर्शी कदम है, जो आम लोगों की चिकित्सा लागत को कम करेगा। हर जलि में डे-केयर कैंसर सेंटर्स की स्थापना से गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचेगी। मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाओं को सस्ता करने का निर्णय स्वास्थ्य क्षेत्र में

**विकास का रोडमैप, समाज के हर वर्ग को बनायेगा सशक्त**

क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में 5त्न की कटौती और 13 मरीज सहायता कार्यक्रमों को बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर करना आम जनता के लिए राहत लेकर आएगा। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, जो प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करेगा। मेडिकल सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रावधान किया गया है। यह कदम चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं में कुशल डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वित्त मंत्री ने आयकर स्लैब में ऐतिहासिक सुधार कर मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत दी है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर छूट की सीमा को 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। साथ ही स्टैंडर्ड डिडक्शन को ?50,000 से बढ़ाकर 75,000 कर दिया गया है। धारा 80ष्ट के तहत निवेश प्रोत्साहन में वृद्धि की गई है, जिससे करदाताओं को अतिरिक्त बचत का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाएगा बल्कि उन्हें बचत और निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म के प्रोत्साहन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के विस्तार से किसानों की आय में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा और उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इन योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे नेटवर्क और ग्रामीण सड़कों के विस्तार के लिए बड़े निवेश की घोषणा की गई है। यह कदम न केवल परिवहन तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देगा, जिससे उद्योग और व्यापार को नई ऊर्जा मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए आसान ऋण सुविधा और विशेष कर छूट की व्यवस्था से इस क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और राज्य की औद्योगिक क्षमता को मजबूती मिलेगी।

## रीवा-प्रयागराज मार्ग में व्यवस्थाओं के लिए 4 स्थानों पर अधिकारी तैनात

### महाकुंभ मेले के यात्रियों के लिए रीवा में किए गए कई प्रबंध

**रीवा।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगातार जारी है। महाकुंभ में तीन फरवरी बसंत पंचमी को विशेष पर्व स्नान तथा अमृत स्नान होगा। इसी तरह माघ पूर्णिमा 12 फरवरी एवं महाशिवरात्रि 26 फरवरी को भी विशेष पर्व स्नान होंगे। इन अवसरों पर तीर्थयात्रियों के बड़ी संख्या में रीवा-प्रयागराज मार्ग से प्रयागराज जाने के कारण सड़क पर वाहनों का लगातार दबाव रहेगा। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने रीवा-प्रयागराज मार्ग में 4 स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात करके उन्हें तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर ने कहा है कि तीर्थयात्रियों के अस्थायी रूप से ठहरने, भोजन, पानी, शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक तैयारियाँ कर लें। वाहनों की पार्किंग के लिए भी स्थान निर्धारित कर लें। किसी भी यात्री को रीवा जिले से गुजरते हुए किसी भी तरह की परेशानी न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार चाकघाट में तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला, नायब तहसीलदार राजकुमार ताडिया, नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला, कार्यपालन यंत्री नहर अमरदीप त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री अपर पुरवा नहर आरके वर्मा, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत शिव सोनी को तैनात किया गया है। बेला बाईपास में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, एसएलआर राजेश तिवारी, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सहायक आयुक्त आबकारी अनिल जैन, लेखाधिकारी जिला पंचायत नीलम राय तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत आभा सिंह को तैनात किया गया है। जोगिनहाई टोल प्लाजा रायपुर कर्चुलियान में तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान विनयमूर्ति शर्मा, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख ललन सिंह, नायब तहसीलदार दिलीप श्रीवास्तव, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी राजेश शुक्ला तथा सहायक संचालक आरके सिंह को तैनात किया गया है। श्रीयुत कालेज गंगेव में तहसीलदार मनगवां सुमित गुप्ता, नायब तहसीलदार मनोज सिंह, नायब तहसीलदार दिलीप सिंह, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, सहायक परियोजना अधिकारी विनोद पाण्डेय तथा लेखाधिकारी जिला पंचायत योगेन्द्र पाण्डेय को तैनात किया गया है।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन जारी

### किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक सीबीएस जादौन ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 58 खरीदी केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है।

### अपग्रेडेशन के लिए 5 से 10 फरवरी तक बंद रहेगा समग्र पोर्टल

**रीवा।** समग्र पोर्टल को 2.0 में अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए समग्र पोर्टल 5 से 10 फरवरी तक बंद रहेगा। इस अवधि में समग्र पोर्टल के माध्यम से बनने वाले आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनेंगे।

## जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : शुक्ल

### व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर गोविंदगढ़, रीवा को मिली सीजेडए की मंजूरी, विंध्य में बढ़ेगा व्हाइट टाइगर का कुनबा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गोविंदगढ़, रीवा में प्रस्तावित व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर को मिली मंजूरी पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के विजन के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना न केवल बाघों की संख्या को बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि पर्यटन को भी प्रोत्साहन देगी। यह पहल बाघ संरक्षण और प्रकृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार जैव विविधता के संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यटन के विकास के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। गोविंदगढ़, रीवा में प्रस्तावित व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर को मिली मंजूरी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि मध्य प्रदेश वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में आदर्श राज्य बने। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के कारण न केवल टाइगर स्टेट बल्कि लेपर्ड स्टेट और चीता स्टेट के रूप में भी प्रतिष्ठित है। राज्य में देश की सबसे







अधिक तेंदुआ आबादी दर्ज की गई है, जो यहां के समृद्ध वन्य आवासों का प्रमाण है। मध्य प्रदेश ने चीता पुनर्वास परियोजना के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों का सफल पुनर्स्थापन करके चीता स्टेट का गौरव भी प्राप्त किया है। कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़, सतपुड़ा और पन्ना टाइगर रिजर्व जैसे क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण के लिए अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वन्यजीव विशेषज्ञों ने भी सराहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ में व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना से व्हाइट टाइगर की सुरक्षा और संख्या में वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, यह केंद्र राज्य में वन्यजीव पर्यटन को भी नई दिशा देगा। मध्य प्रदेश बाघों की संख्या के मामले में देश में अग्रणी है और इस पहल से राज्य की इस प्रतिष्ठा को और मजबूत किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर के माध्यम से स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही, देश-विदेश से पर्यटकों को आकर्षित कर रीवा और सतना क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी। महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी और चिड़ियाघर, मुकुंदपुर, सतना के संशोधित मास्टर (लेआउट) प्लान के तहत गोविंदगढ़, रीवा में सेटेलाइट फैसिलिटी के रूप में व्हाइट टाइगर ब्रीडिंग सेंटर की स्थापना के प्रस्ताव को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की विशेषज्ञ समिति द्वारा तकनीकी समिति की अनुशंसा पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

## कालेज चौराहे पर 54 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा आईटी पार्क

**रीवा।** प्रदेश के तीन प्रमुख स्थानों सहित रीवा में आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। रीवा में 23 अक्टूबर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईटी पार्क का भूमिपूजन किया था। कालेज चौराहे के समीप आईटी पार्क का निर्माण शुरू हो गया है। इसके निर्माण के लिए 54 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कालेज चौराहे के समीप आईटी पार्क निर्माण के लिए की जा रही



तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि आईटी पार्क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराएं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार भवन का निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा करें। आईटी पार्क के निर्माण से तकनीकी कौशल के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। निर्माणाधीन आईटी पार्क में कुल 10 मंजिलें होंगी। इसके बेसमेंट में वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। आईटी पार्क में आधुनिक तकनीकी ज्ञान के प्रशिक्षण की सभी व्यवस्थाएं रहेंगी।

निरीक्षण के समय एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय संचालक यूके तिवारी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, तकनीकी सलाहकार केके गर्ग, तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सदस्यता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 9 फरवरी तक

**रीवा।** लक्ष्मी महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार वार्ड क्रमांक 16 उर्रहट जिला रीवा के संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची तैयार की गई है। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अम्बरीश देव बघेल ने बताया कि सदस्यता सूची का प्रकाशन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सूचना पटल पर एक फरवरी को कर दिया गया है। सदस्यता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ आवश्यक दस्तावेजों के साथ 9 फरवरी तक उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती हैं। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण सोसायटी कार्यालय में 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। दावे-आपत्तियों के निराकरण के समय सदस्य उपस्थित रह सकते हैं।

## परिवहन और पुलिस विभाग ने की स्कूल और यात्री बसों की जांच

**रीवा।** महाकुंभ के चलते यात्रियों का आवागमन बहुतायत में होने के कारण,परिवहन विभाग और पुलिस विभाग ने रीवा बैकुंठपुर मार्ग पर जाकर बसों की जांच की। जिसमे विशेषत: यह जांच की गई की,बस संचालकों के द्वारा, यात्रियों से ज्याद किराया न लिया जाय और वाहनो में क्षमता से अधिक,सवारियो का परिवहन न किया जाय। आर टी ओ रीवा को छत्रपति सेना संगठन के,माध्यम से यह शिकायत प्राप्त हुई थी की,बस परिचालकों के द्वारा यात्रियों से ज़्यादा किराया लिया जा रहा है।आर टी ओ रीवा ने उड़नदस्ता रीवा को निर्देशित किया की,मार्ग पर जाकर यात्री वाहनों की जांच कर ऐसी बसों पर कार्यवाही की जाय।कार्यवाही के दौरान एसडीओपी सिरमौर दिनेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी बैकुंठपुर विजय सिंह बघेल मय स्टाफ के मौजूद रहे। जिसमे जेंटल सैफर्ड स्कूल में जाकर स्कूल बसो की जांच की।जाँच में दो स्कूल बसो पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप चालानी कार्यवाही भी की गई।एसडीपीओ सिरमौर प्रजापति ने स्कूल प्रबंधन को माननीय उच्च न्यायालय के सभी दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा।जांच में कुल 10 बसों पर चालानी कार्यवाही की गई। इसके अलावा बसो पर किराया सूची भी चस्पा की गई।साथ ही बस परिचालक को समझाइस दी गई की दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीट और किराए में 50% की छूट प्रदाय की जाय।

## तीर्थयात्रियों को सहायता देने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**रीवा।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में तीन फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान तथा विशेष पर्व स्नान किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए रीवा-प्रयागराज मार्ग पर 4 स्थानों पर यात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन स्थानों पर अधिकारियों के दल तैनात किए गए हैं। तैनात अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्य शुरू कर दिया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि चाकघाट में रैनबसेरे में अधिकारियों का दल पहुंच गया है। यहाँ स्थिति सामान्य है। वाहनों का सामान्य रूप से आवागमन हो रहा है। यात्रियों के ठहरने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह, परियोजना अधिकारी शिव सोनी तथा अन्य अधिकारी मौके पर तैनात हैं। इन्हें सहयोग देने के लिए नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी भी पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। बेला चेक प्वाइंट पर तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, उप संचालक कृषि यपूी बागरी तथा अन्य अधिकारी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं।

अपर कलेक्टर ने बताया कि गंगेव में श्रीयुत महाविद्यालय में कैंप शुरू कर दिया गया है। यहाँ एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को भोजन कराया। जोगिनहाई टोल प्लाजा में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी तैनात हैं। अभी सभी स्थानों पर स्थितियाँ सामान्य हैं। वाहनों का आवागमन सुगमता से हो रहा है। पुलिस अधिकारी और सुरक्षा कर्मी भी सभी स्थानों पर तैनात हैं।

## बजट में गरीब, अन्नदाता, नारी शक्ति और नौजवानों के सशक्तीकरण के प्रावधान : जनार्दन

**रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने देश के आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बजट ऐतिहासिक और आम जनता को खुश करने वाला है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था के नये आयाम देगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में हमारे गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त व सक्षम बनाने के प्रावधान किए गए हैं। इसमें एक तरफ जहां शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं, वहीं मेडिकल एजुकेशन और आईआईटी में 75 हजार सीटें बढ़ाने की घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की घोषणा की गई है, जिससे देश के 100 जिले और 1.70 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। साथ ही मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है, जो एक ऐतिहासिक निर्णय है।

**किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए कल्याणकारी बजट**

रीवा सांसद में बजट को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि बजट में पीएम धनधान्य योजना लागू करने के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन देने का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन लांच करेगी तथा रेशेदार कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी मिशन लांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आवश्यकता के अनुरूप यूरिया उपलब्ध कराने के लिए असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगाने की बात भी कही गई है।

**युवाओं के लिए बढ़ेंगे अवसर: राजेंद्र**

भाजपा मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने केंद्रीय बजट को जनहित ऐसी जनकल्याणकारी निरूपित करते हुए कहा कि बजट में सबसे अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने वाले एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ करने का प्रावधान है। वहीं, स्टार्टअप के लिए लोन सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए की जाएगी। गारंटी फीस भी कम की जाएगी। खिलौना उद्योग के लिए मेक इन इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी। सरकार देश के आईआईटी में अधोसंरचना का विकास करेगी तथा इनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को देखते हुए सरकार एक्सीलेंस फॉर आर्टीफीशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ का प्रावधान करेगी। मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएंगी। अगले एक वर्ष में 10 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य है। इसी तरह आईआईटी में भी सीटें बढ़ाई जाएंगा

**देशवासियों के जीवन में खुशी लाने वाला बजट : कमलेश्वर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता दादा कमलेश्वर सिंह ने कहा कि आम बजट में जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है आम आदमी की रोजमर्रा की चीजों को सस्ता करने के साथ सर्वहारा वर्ग को उचित अवसर देकर मुख धारा में पहुंचने का काम किया गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833